मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) जी हां।

(ख) इस सडक पर वर्श 1976–77 में कार्य किया गया था परन्तु धन की कमी के कारण रोक दिया गया था। इस सडक को पुनः भाुरू करने तथा पूरा करने के बारे में सुनिि चत समय नही बताया जा सकता क्योकि यह एक दोहरा लिंक हे।

चौधरी ओम प्रका ा: अध्यक्ष महोदय, पिछले वित्त वर्श 1983–84 में मेरे हल्के मे एक ईन्च भी सड़क नहीं बनाई गयी है। इस सड़क क न होने की वजह से चिमनी से दूबलधन जाने के लिये 18 किलोमीटर ज्यादा चलना पड़ता है। क्या मुख्य मंत्री जी इस बात का कैटेगोरीकल अ योरैस देगे कि इस साल नहीं तो अगले साल यह सड़क अव य बना दी जायेगी? जब हमारे अपोजी ान के हल्को को सड़क से मिलानक की बात आती है तो फन्ड्ज की कमी की बात आ जाती है। क्या इस भदेभाव को दूर करने की अ योरैस भी देने का कश्ट करेगे?

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, इनके हल्के का कोई भी गांव कच्चे रास्ते पर नहीं है। सारे के सारे गांव पक्की सड़क से जुडे हुए हैं। जैसा कि इन्होने कहा है कि इन दोनो गांवों को पक्की सड़क से जोडने से फासला कम हो जाएगा। उसके बारे में सरकार विचार कर लेगी। अध्यक्ष महोदय, आपको पता ही है। कि हमारे प्रदे ा में काफी फ्ल्डज आए जिनकी वजह से प्रान्त की बहुत सी सड़के टुट गई । जो सड़के टूट गई हैं पहले हम उन सड़को को बना रहे है। उसके बाद अगर पैसा बचेगा तो फिर ड्बल लिंक पर विचार किया जायेगा।

चौधरी रो ान लाल भार्मा: क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि जितने भी काग्रेस के एम0 एल0 एज0 चुने गए है। प्रत्येक के हल्के में पांच पांच किलोमीटर सड़क बनाई गइ है। और विपक्ष के किसी भी एम0 एल0 ए0 के हल्के मे एक भी किलोमीटर सड़क नही बनाई गई। क्या यह सत्य हैं?

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, ऐसा बिल्कुल नहीं है। यह इल्जाम निराधार हैं हमने हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ा है। चाहे वह कांग्रेस के एम0 एम0 ए0 के हल्के का गांव है। या विपक्ष के एम0 एल0 ए0 के हल्के का गांव है। हमने किसी भी एम0 एल0 ए0 के साथ कोई भेदभाव नहीं किया हैं। अगर ये लिखकर दे तो हम जवाब देने के लिए तैयार है कि किस किस एम0 एल0 ए0 के हल्के में कितने किलोमीटर सड़क बनाई है।

श्री अध्यक्ष: क्वै चन ओवर खत्म होता है।

नियत 45 क अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्र नों के लिखित उतर

Commercial Centre

***603 Shri kitab Singh**: will the Chief Minister be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that Khasra NO. 137, Darra-Kalan, Thanesar is situated in commercial centre Sector 17, being set up by the Haryana Urban Development Authority and is a part of a Cinema site; and

(b) whether it is also a fact that Khasra NO. 137, referred to in part (a) above, has been exempted from acquisition , if so, the reasons thereof?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(ए) नहीं।

(बी) हां, क्योंकि वहां पर पहले ही दुकानें बनी हुई थी।

Water Works at Village Badli and Matan

***609. Ch. Dhir Pal Singh**: Will the Chief Minister be pleased to state:-

(a) Whether it is a fact that land for the consideration of water works at Badli has been given by the Kheri Jat Panchayat;

(b) whether it is also a fact that land for the consideration of Matan Water Works has been given by the village Panchayat; and

(c) if reply to parts(a) and (b) above be in the affirmative, whether construction of the said water works has been started, if not, the reasons thereof?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) नहीं।

(ख) जल घरों का निर्माण करने के लिये जिसमें मातन गांव भी है। को भूमि खरमान गांव द्वारा दी गई है।

(ग) जी हां।

Recruitment of Constables

***586. Ch. Kulbir Singh Malik ,Shri Hira Nand Arya**: Will the Chief Minister be pleased to state the constituency-wise number of constables recruited in the State by the Police Department during the year 1983-84 together with the addresses of the recruited persons?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): वर्श 1983–84 के दौरान राज्य में पुलिस विभाग द्वारा 743 सिपाई भरती किए गये थे। चुनाव क्षेत्र वाईज उनकी संख्या बारे सूची उनके पतों सहित

देने में जितना समय तथा परिश्रम लगेगा वह उसकी तुलना में होने वाले किसी सम्भावित लाभ से बहुत अधिक होगा।

Construction of Roads from Kathwar to Pai and Khanoda to Dhauns

***616. Ch. Nar Singh Dhanda**: Will the Chief Minister be pleased to state whether there isany proposal under consideration of the Government to construct a road from village Kathwar to Pai via Mundri and Kakaut and a road from Khanoda toDhanuns; if so, the time by which these are likely to be constructed?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): गांव कथवार से पाई वाया मुडरी तक सड़क के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं हैं। खनौदा से धो ा तक सड़क के निर्माण का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। परन्तु धनाभाव के कारण अनुमोदित नहीं हुआ क्योकि ये गांव पहले ही सड़क से मिले हुए है। तथा प्रस्तावित सड़क एक दोहरी सम्पर्क होगी।

Augmentation of water supply scheme of Narnaul Town

*631. Shri. Nihal Singh: Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to augment the present water supply scheme of Narnaul town; and

(b) if so, the estimated amount of expenditure likely to be incurred thereon?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) जी हां।

(ख) इस योजना का अनुमोदित खर्चा 1.48 करोड़ रूपये हैं।

Construction of New Colony at Sonepat

***660. Shri Devi Dass:** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a new colony for Rickshaw-pullers, Rehriwalas and Class IV employees of the Government, semi-Government and private institutions within the municipal limits of Sonepat; if so, the time by which the said colony is likely to be constructed?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) नही जी।

(ख) ''क'' को देखते हुए प्र न उत्पन्न नहीं होता।

Construction of Roads

***684. Shri. Bhagi Ram**: Will the Chief Minister be pleased to state:-

(a) Whether the sanction for the construction of the following roads has been accorded:-

1. Kariwala to Shahinawala Therh;

2. Ellanabad Berwala to Dhani mauju;

3. Dhani Satnam Singh to Dhani Asha Singh;

4. Sirsa-Rania road to Narian Singh Therh;

5. Sirsa-Rania road to Mohar Singh Therh via Samunder Singh Therh;

6. Amol to Sangatpura;

7. Amoli to Dhamorha Therh;

8. Rania Jiwan Nagar road to Rampur Therhi;

9. Damdama to Dharampura; and

10. Ellanabad to Mauju Khera; and

(b) if so, the names of the roads out of those referred to in part (a) above, the construction work on which has been started:

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) ही हां।

(ख) 1. दमदमा से धर्मपुरा।

2. ऐलनाबाद से मौजूखेड़ा।

विभिन्न विशयों का उठाया जाना

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, कुछ दिन पहले इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर कह रहे थे कि अगर कोई ट्रासफारमर जल जाता है। तो उसको रिपलेस करने मे तीन दिन से ज्यादा नही लगेगें तीन दिन से ज्यादा ट्रांसफारमर जला हुआ नही मिलेगा। छपरा गांव डाकखाना गिलौर जिला कुरूक्षेत्र में ट्रांसफारर्मर एक महीने से ज्यादा से जला हुआ है। और उनके बारे में मैनें आज ही काल अटैन् ान मो ान नोटिस किया है। मैं सोचती हूं कि जब छपरा गांव में ऐसी हालत है तो दूसरी जगहों पर भी ऐसी ही हालत होगी। यह ठीक है। कि जबसे श्री सूरी साहब, बोर्ड के चैयरमैन आए है। काम ठीक ठाक होने लगा है। अगर तीन दिन से ज्यादा कोई ट्रांसफारर्मर जला हुआ नहीं रहता तो हमें बडी खु ाी होगी बल्कि हम तो कहते हैं कि एक दिन भी ट्रांसफारर्मर जला हुआ न रहे।

सिचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): स्पीकर साहब, इस बारे में आज सवेरे ही लौबी मैं इन्होने लिख कर दिया हैं मैंने इमिजिएटली उसे औफिसर्ज को पास आन कर दिया है। वे लिखित रूप में उसका जवाब इनको भी ओर मुझे भी दे देगे।

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, मैने भी एक ध्यानकर्शण प्रस्ताव दिया हैं कि हरियाणा में दसवीं की परीक्षाएं हो

रही है। और सरकार ने सुपरिन्टैन्डैट्स तथा दूसरा स्टाफ गलत तौर पर लगाया हुआ है। और इसकी वजह से परीक्षाएं में बहुत ज्यादा नकल हो रही है।

श्री अध्यक्ष: मैने 24 घण्टें के अन्दर अन्दर गवर्नमैट से कमैन्ट्स मगवाएं है।

श्री मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, पिछलें दिनों गवर्नमैंट ने एक स्कीम डिक्लेयर की थी कि लोग कोआप्रेटिव सोसायटी बनाकर उनको पंजीकृत करायें और इन सोसायटीज के थू ग्रुप हाउसिंग स्कीम चालू की थी । एक हजार कोआप्रेटिव सोंसायटीज रजिस्टर हुई है। और पचास हजार लोग इन सोसायटीज के मैम्बर हैं। 32 हजार रूपये प्रति एकड़ सरकार ने जमीन पर खर्चा किया है। और अब बारह लाख रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से उन सोसायटीज से सरकार लेना चाहती है। स्पीकर साहब, इससे बढ़कर लूट ओर क्या हो सकती है। सरकार ऐसा करके प्राईवेट कालोनाइजर्ज को एनकरैज कर रही है। इस बारे में मैनें एक काल अटैन्सन मोसन भी दिया है।

स्पीकर साहब, आज ही मैने वीर प्रताप अखबार में देखा है। ओन आपने भी वह अखबार पढ़ा होगा। यह बड़ा ही सीरियस मैटर है। अगर हम इस हाउस में खामो ा बैठे रहें और लोगों के साथ जो जुलम हो रहे है। उनको सै ान में हाइलाइट न करें तो हम अपने फर्ज निभाने में कोताही करेगें। इतनी भार्मनाक हरकत

हो रही हो तो हमारा चुप बैठना उचित नही है। मै सरकार का ध्यान रायपुर रानी मे हुई घटना की और दिलाना चाहता हूं । यह कोई साधारण बात नहीं है। कि थाने में एक बेटे को कहा जाये कि वह अपनी मां के साथ कुकर्म करे। यह वीर प्रताप अखबार में छपा है। मंत्री महोदय, ने इस बारे मे कहा है। कि यह बात सच नहीं हैं अगर सच नही हैं और उनमें साहस है। तो वे उस अखबार पर मुकदमा चलाएं। वहां पर ट्रिब्यून अखबार का नुमांइदा गया वीर प्रताप का नुमांइदा गया। सैंकडो आदमी उनसे मिले वहां पर हडताल हुई स्पीकर साहब, इसमें कुछ पोलिटिक्स नहीं है। एक बेटे को कहा जाये कि वह अपनी मां के साथ कुकर्म करे। ऐसी बात कोई भी स्त्री अपने मुहं से नही कहेगी। उस बेटे को कुकर्म करने के लिए मजबूर किया गया । यह बडा ही सीरियस मामला हैं मैं चाहूगा कि इस मामले के बारे में हाउस में स्पश्ट किया जाये और अगर चौधरी भजन लाल में इतनी फिराखदिली है तो इस सम्बन्ध मै जुडि ियल इंक्वायरी करवाकर प्रदे ा के लोगों को भाांत करे। यह बहुत ही भार्मनाक वाकया है।

स्पीकर साहब, तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने वायदा किया था कि आपके स्टाफ के साथ बेंइन्साफी नहीं होगी कोई डिस्पैरिटी नही होगी। यह बात आप बारबार कह रहे है। इस सदन में कर्मचारियों का क्या दोश हैं कि उनको सैक्रिटेरियट के कर्मचारियों के मुकाबले में हीनता में रखा जाऐ।

श्री अध्यक्ष: डा0साहब, जहां तक विधान सभा के कर्मचारियों की बात है। इस बारे में आप बिल्कुल बेफिक्र रहें कि यहां के कर्मचारियौं को सैक्रिरेरियट के कर्मचारियों के साथ पैरिटी नही मिली है। इनको पूरा हक मिलेगा। इनकी जिम्मेदारी मेरी हैै।

मुख्य मंत्री (**चौधरी भजन लाल**): स्पीकर साहब, डा0 साहब ने तीन बाते कही है। पहले तो ग्रुप हाउसिंग स्कीम के बारे में जिक्र किया हुआ है कि सोसायटीज बन गई है। ओर सरकार उनसे जमीन की बहुत ज्यादा कीमत ले रही है। स्पीकर साहब, सरकार उनसे प्रौफिट नही कमाती। सरकार जिस भाव पर जमीन लेती है। डिवेलपमैट चार्जिज उसमें भामिल करके कीमत लेती हैं स्पीकर साहब, सरकार जमीन की अलाटमैट करते समय एक क्लाज उसमें रखती है। कि अगर कोई आदमी हाई कोर्ट में चला जाये कि उसको जमीन की कम कीमत मिली हैं और हाई कोर्ट कीमत बढ़ा दे या कोई आदमी सुप्रीम कोर्ट में चला जाये ओर सुप्रीम कोर्ट कीमत बढ़ा दे तो उस जमीन की कीमत बढ़ सकती है। वे सारे लोग मुझे मिले थे। ओर इसके लिए हमने बाकायदा एक मीटिंग बुलाई हैं पांच नुमांइदे उनके होगें और वे अधिकारियों के साथ बैठकर बात करेगे। उनकी तसल्ली कराई जायेगी किसारी जमीन किस भाव से पड़ती है। उस पर कितने डिवलेपमैट चार्जिज आते है। उनसे ज्यादा पैसे लेने का सवाल ही नहीं है। और न ही उनके साथ कोई ज्यादती होने का सवाल है।

स्पीकर साहब, रायपुर रानी के बारे में मै समझ नही सका कि इसमें क्या कांस्प्रेसी है। एक दो पेपर्ज इसी बात के पीछे लग हुऐ है। मैने पूरी इंक्वायरी इस बारे में की है। ऐसी घिनोनी बात कि एक बेटे को यह कहा जाये कि वह अपनी मां के साथ कुकर्म करे आज प्रदे ा के अन्दर कोई भी सरकारी अधिकारी ऐसी बात नही कर सकता। इसलिए यह बेबुनियाद बात है। जो झगडा हुआ हैं उसकी इंक्वायरी की जायेगी। ओर इसमें जिसका भी कसूर होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। एक सख्ती सहानुभूति हासिल करने के लिए एक बात कही गई कि विधान सभा केजो कर्मचारी हैं इनके जो ग्रेडज वगैरह है वे ठीक होने चाहिए। स्पीकर साहब, मैनें इस सेसन मै पहले भी कहा हैं कि हमने आदे ा दे दिये हैं कि जो ऐनोमलीज है वे ठीक की जाये और वे जल्दी ही ठीक करेगे।

प ाुपालन राज्य मंत्री (चौधरी लाल सिंह): स्पीकर साहब, रायपुर रानी इन्सीडैन्ट के बारे में मेरे संबंधी जो कुछ कहा गया है यह बिल्कुल गलत बात है। (ाोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, जो कुछ भी अखबारों में छपा हैं उसमें कोई सच्चाई नहीं है। इसकी इंक्वायरी सुप्रीम कोर्ट के जज से करवा ली जाये मै तैयार हूं (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: जिस वक्त कल यह मामला डिस्कस हो रहा था उस समय मैं अपने चैम्बर में बैठा था मै ईमानदारी से फील करता हूं कि डिबेट का कुछ न कुछ डैकोरेम जरूर होना चाहिए।

इसीलिये मै जल्दी उठकर आया था ताकि थोड़ा सा वातावरण भाांत हो। डा0 साहब ने जो अखबार की बात कही है। मैं यह नहीं कहता कि उनको कहने का हक नहीं हैं या किस ख्याल से किस वजह से उन्होनें कहा है और क्या फैक्ट्स है। मै तो अखबार पढ़ नही सका क्योंकि काफी भारी ऐजेन्डा था। मैं आनरेबल मैम्बर्ज से रिकवैस्ट करूंगा कि मुताल्लिक अगर ध्यान से बात करें तो अच्छा हैं। इससे हाउस का वातावरण भी अच्छा रहेगा।

श्री मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आर्डर है। कि आपने जो कु छ फरमाया, उसको हम सब एंप्रीि ाऐट करते है। और जो बाते मैने यहां पर कही है उन मे मैं किसी भी वजीर का नाम नही लिया है। मैने पेपर के आधार पर अपने विचार हाउस के सामने रख है।(ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी लाल सिंह: स्पीकर साहब, आप इनको बोलनें से रोके। हम अपनी बेंइज्जती करवाने के लिये यहां पर नही आये। ये हमारे बच्चों पर झूठे आरोप लगा रहे है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री मंगल सैन: अध्यक्ष महोदय, मैने तो पेपर क आधार पर अपनी बात कही हैं। आप इसकी जांच करवा के देख ले (ाोर एवं व्यवधान) मैने तो कायदें के अनुसार इस हाउस में इस घटना की और आप सब का ध्यान आर्किशत करने की बात की है। लेकिन मंत्री महोदय यूं ही लाल हो जाये है(ाोर) इस बारे में हम आपकी रूलिंग चाहेगे। आप ऐसे मंत्री को रिप्रिमाइन्ड कीजियेगा।

परिवहन मंत्री (कर्नल राव राम सिंह): स्पीकर साहब, प्वायंट आफ आर्डर की आड़ में डाक्टर साहब तो कोई न कोई बहाना लगाकर भाशण देना भुरू कर देते है। डाक्टर साहब ने कहा कि मैने किसी मंत्री का नाम नहीं लिया है। यह बडे ही हाि ायार आदमी है। जो बार बार रायपुर रानी का नाम लेकर के कह रहें हैं इसका मतलब यह साफ है कि यह मामला किसी न किसी मंत्री से ही संम्बधित हैं फिर कह रहें है। कि मंत्री का नाम नहीं ले रहे । अखबारों मे जो छपता हैं वह सैन्ट परसैन्ट ठीक नहीं होता(ाोर एवं व्यवधान)

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, मै तो आपकी परमि ान से बोल रहा हूं लेकिन कर्नल साहब किस की आज्ञा से यहां हाउस में भाशण दे रहे हैं। (ाोर एवं व्यवधान)

कर्नल राव राम सिंह: स्पीकर साहब, हम आपकी रूलिंग चाहते है। कि क्या कोई मैम्बर इस तरह प्वायंट आफ आर्डर की आड़ लेकर यहां पर भाशण दे सकता है? डाक्टर साहब की यह पुरानी आदत हैं कि वे एक एक मिनट के बाद बोलने के लिये खडे हो जाते है। जिस से दूसरे मैम्बर साहेबान को बोलने का समय नही मिलता है।(ाोर एवं व्यवधान)

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, मै आपकी परमि ान से बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं आप इन्हें कहें कि ये बैठ जायें (ाोर एवं विघ्न) मै अपने साथी कर्नल राव राम सिहं जी के

चार्जिज को रिफूट करता हूं कि मुझे प्वांयट आफ आर्डर का बहाना बनाकर बार बार बोलने की आदत है।

श्री अध्यक्षः आनरेबल मैम्बर्ज अगर किसी ने मेरी रूलिंग को मेरी आबजरवेसन को मेरे आर्डज को डिस–ओबे करने की कोि ा ा की तो मै उसके खिलाफ स्टर्न एकशन लूंगा।

श्री मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, मै इस बारे में आपकी रूलिंग चाहूंगा कि क्या किसी माननीय मंत्री महोदय को किसी सदस्य के बारे में इस तरह के अमर्यादित भाब्द कहने चाहिऐ जिस तरह के भाब्द कर्नल राव राम सिंह जी ने प्रयोग किये है?

श्री निहाल सिंहः स्पीकर साहब, मै एक बात सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि नारनौल मे एक गवर्नमैट कालेज है वह एक पिछड़ा हुआ इलाका हैं वहां के कालेज मे आजकल जियालोजी की क्लासिज लगती है। ि ाक्षा विभाग से एक सर्कुलर अब वहां पर गया है। कि उन क्लासिज को नारनौल से रोहतक ले जाया जा रहा है। हमारा निवेदन यह हैं कि अगर रोहतक मे इस तरह की क्लासिज खोलनी है तो बे ाक खोली जाये हमें इस का कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन नारनौल के गवर्नमैट कालेज मे जो जियालोजी की क्जासिज है। उनको वहां से ि ाप्ट न किया जाये। वहां पर लेबोटरी बनी हुई है सारा सामान वहां पर पहले से ही मौजूद है। अगर हमारी इस प्रार्थना पर सरकार न विचार न किया या अगर नारनोल गवर्नमैट कालेज से ये क्लासिज ि ाप्ट की गयी

तो हम महेन्द्रगढ़ जिले के सारे के सारे एम0 एल0 एज0 आपकी और मुख्यमंत्री महोदय की कोठियों पर धरना देगें। लोगों की ग्रीवैन्सिज को मैनें यहां हाउस के सामने रखा है।

श्री अध्यक्ष: भागी राम जी, आपका यह काल अटैन ान मो ान मेरे पास नहीं पहुंचा। जब मेरे पास आयेगा तब मै इसको कंसिडर करूंगा।

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, प्रताप सिंह कांड के बारे मै मुख्य मंत्री महोदय ने 15 तारीख को हाउस में कहा था कि मैं 19 तारीख को इस बारे में स्टेटमैन्ट दूंगा। कल वे किसी वजह से स्टेटमैन्ट नही दे पाए। क्या अब वे इस बारे में स्टेटमैन्ट देगे?

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, गवर्नर अड्रैस पर बोलते हुए मै उस बात का जवाब दूंगा।

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, किताब सिंह मलिक की मारपीट के बारे में एक मामला आपके नोटिस में लाया गया था उस बारे में क्या कार्यवाही हुई हैं?

श्री अध्यक्ष: आर्य जी किताब सिंह मलिक खुद यहां पर बैठे हैं वे अपने बारे में खुद पूछ सकते है।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, सांपला रैस्ट हाउस मे एक महिला टीचर के साथ रेप किया गया था ओर उस केस की

जांच के लिये हमारे हाउस की एक वन मैन कमेटी बनायी गयी थी उस वन मैन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पे ा कर दी या नही?

श्री अध्यक्ष: आप इसके लिए कोई नोटिस दे।

प्रो0 सम्पत सिंह: स्पीकर साहब, मैने भी एक काल अटैन्सन मोसन दी थी जोकि हिसार में लाईफं स्टाफ फार्म के साथ पड़ी जमीन के बारे में थी वह जमीन 32 एकड़ के लगभग है जिसकी मार्किट प्राईस इस वक्त 400 रूपये गज के हिसाब से हैं लेकिन वही जमीन इस सरकार ने 25 गज के हिसाब से किसी गजेटिड अफसरों की सोसायटी को दी है। यह मो ान मैने आज सुबह ही दिया है।

श्री अध्यक्ष: सम्पत सिंह जी, वह आपका काल अटैन्सन मो ान अभी मुझे नहीं मिला जब मिलेगा तो मै कंसिडर करूंगा।

श्री फतेह चन्द विज: अध्यक्ष महोदय, मैने भी पानीपत में बम विस्फोंट के बारे में एक काल अटै ान मो ान दिया था उसका क्या बना है?

श्री अध्यक्ष: विज साहब, मैनें टवैन्टी फोर आवर्ज में उस बारे मैं सरकार से कमैन्ट्स मांगे है। कमैन्ट्स आने पर मैं बताऊंगा।

ध्यानकर्शण प्रस्ताव

राज्य में कानून तथा व्यवस्था की तेजी से बिगड़ती हुई स्थिति तथा करनाल के समीप श्री वेदपाल, उपाध्यक्ष विधान सभा, पर कातालाना हमले सम्बधी

श्री अध्यक्ष: मैम्बर साहेबान, मुझे श्रीमती चन्दावती सर्वश्री मंगलसैन, ओम प्रका ा बेरी, वीरेन्द्र सिंह, सम्पत सिंह, भागी राम और राम बिलास भार्मा जी की और से स्टेट में फास्ट डिटेरीओरेटिंग ला एण्ड आर्डर सिचुऐ ान ओर श्री वेदपाल डिप्टी स्पीकर पर मर्डरस असाट वगैरह के बारे में काल अटैन्सन के नोटिसीज मिले है। मै उन को एडमिट करता हूं ।

श्रीमती चन्दावती कृपया अपना नोटिस पढ़ दे और मिनिस्टर साहब अपनी स्टेटमैन्टस यदि देना चाहे हो दे दे।

श्रीमती चन्दावती: अध्यक्ष महोदय, मै सरकार का ध्यान एक अत्याव यक लोक महत्व के विशय की ओर दिलाना चाहती हूं कि राज्य में कानून तथा व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। माननीय उपाध्यक्ष महोदय पर कातलाना हमला किया गया तथा कार चालक की हत्या कर दी गयी। कातिल अभी तक पकडे नहीं गये हैं यह बड़ा गम्भीर मामला है।

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, मै सरकार का ध्यान एक अत्याव यक लोक महत्व के विशय की और दिलाना चाहता हूं कि करनाल के निकट हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष श्री वेद पाल जी पर कातलाना हमला किया गया जिसके परिमाणस्वरूप उनके

कार चालक की मृत्यु हो गयी तथा गनमैन सख्त घायल हो गया । श्री वेद पाल जी बाल बाल बच गए। यह लोक हित में महत्वपूर्ण मामला हैं तथा हाल ही का है ।

चौधरी ओमप्रका ा: स्पीकर साहब, मैं भी अपना मो ान पढ़ दूं।

श्री अध्यक्ष: सभी मैम्बर्ज को पढ़ने की आव यकता नहीं है। बाकी पढ़ी हुई समझी जायेगी।

Shri Om Parkash: I want to draw the attention of the Government towards a matter of urgent public importancethat fast deteriorating law and order situation is prevailing in the State. Even the public representatives do not feel safe in the present dismal situation of law and order in the State. On 9-3-1984 at about 8.30 P.M. a murderous attempt was made on the lives of the two Hon'ble Members of this August House, namely Shri Ved Pal Ji, Deputy Speaker and Smt. Shanit Devi, M.L.A. on G.T. Road near Madhuban in which the driver was killed and the gunman was seriously injured and Smt. Shanti Devi, M.L.A. suffered multiple injuries. The situation becomes all the more serious when two altogether different versions come regarding this serious matter. According to the version of the Hon'ble Deputy Speaker, this terrorists and extremists are responsible for this heineous crime. Whatever may be the cause or reason reason the matter is very serious andis of urgent unsafe. Only the judicial enquiry made by an impartial independent and honest judge can reveal the true facts a about the serious incident.

What are the effective steps the State Government intends to take for the safety of its citizens in the present situation? The Home Minister should be asked to make the statement in the House regarding this serious matter which is of urgent public importance.

Shri Mangal Sein: I want to draw the attention of the Government towards a matter of urgent public importance that last night the extremists tried to blow up a passenger train by placing a bomp on the rail track near Kalanwali, district Sirsa. From this tragic incident the train had a narrow escape as it had crossed the spot a few minutes before, The extremists had attacked Dr. Bhim Sein Sharma, General Secretary, Bhartiya Janta Yuya Morcha at Kalanwali Mandi some days before but he hada narrow escape.

The extremists are active in killings and blowing up the trains especially in district Sirsa and generally in other districts. The people of whole of the State are terror stricken and an atmosphere of panic is prevailing in whole of the State. Through this calling attention motion I want to draw the attention of the Government towards this serious and explosive situation and insist upon the Government to clarify its position after making a statement in the House.

Sarvshri Verender Singh, Sampat Singh and Bhagi Ram: we want to draw the attention of the Government towards a matter of urgent public importance that terrorists activities are on increase since last week in Haryana State. On Friday night the Deputy Speaker of Haryana Vidhan Sabha and on Hon'ble Smt. Shanti Devi were attacked by terrorists and they escaped by grace of God. None of the assailants has

been arrested so far. On Sunday night an attempt was made to blow up the train near Kalanwali. Even the Hon'ble Speaker has not been spared and his house has been attacked in Karnal. Life has become risky and nobody is safe, People of Haryana are living in constant grip of fear. No visible efforts are being made on the part of the Government to curtail these activities. It is a matter of great public importance and people throughout Haryana are feeling agitated.

Shri. Ram Bilas Sharma: I want to draw the attention of the Government towards a matter of urgent public importance that the law and order situation in the State is not good. Even the high dignatories i.e. Hon'ble Speaker's house is allegedly damaged, Hon'ble Deputy Speaker is attacked with one Congress I lady legislator Smt. Shanti Devi had a narrow escape. The activities of terrorists have threatened the peaceful life of the public rather the public tranquality and peace has been breached.

मुंख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, इस बारे में हम कल ब्यान देगे।

श्री अध्यक्ष: इस बारे में मैं यह सजैक्ट करूंगा कि कल की बजाय आप इसका जवाब 30 तारीख के बाद दे दें क्योकि ये 7–8 काल अटैन्सन मोसंज है। और इन पर घंटा या डेंढ़ घंटा जरूर लग जायेगा।

चौधरी भजन लाल: ठीक हैं जी।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, आन दि फलोर आफ दि हाउस पेपर ले डाउन के बारे में मेरा एक सबस्टांटिव मो ान है। आप कृपया इस पर डिस्कस का मोका नियुक्त करे।

श्री अध्यक्ष: ठीक हैं आप बैठिए।

वक्तव्य–

राजस्व राज्य मंत्री द्वारा राज्य में ओलावृश्टि तथा भीत लहर से फसलों की हुई क्षति संबंधी

श्री अध्यक्ष: आनरेबल मैम्बर्ज 19–3–84 के राजस्व राज्य मिनिस्टर साहब ने सर्वश्री राम बिलास भार्मा, हीरा नन्द आर्य, नर सिंह, हुक्म सिंह, श्रीमती चन्द्रावती सर्वश्री ओम प्रका ा, भीगी राम, धीर पाल सिंह, सम्पत सिंह और बलबीर सिंह गेवाल के काल अटैन्सन मोसन्ज पर आज स्टेटमैट देने के लिये कहा था। वे कृप्या अपनी स्टेटमैट दे दें।

राजस्व राज्य मंत्री (श्री लक्षमण दास अरोड़ा): यह सरकार खरीफ 1983 की कपास की फसल को हानि तथा रबी 1983–84 की फसलों को भीत लहर तथा ओलावृश्टि से हुई हानि के बारे में आदरयणीय सदस्यों द्वारा द ार्यी गई उत्सुकता में पूर्णतया उनके साथ है। जहां तक कपास की फसल का संबंध है खरीफ 1983 में लगभग 4 लाख हैक्टेयर मे यह फसल थी जिसमें से 3.19 लाख हैक्टेयर हिसार तथा सिरसा जिलों मे ही थी। फसल की बिजाई के समय मौसम अनूकुल था लेकिन दुर्भाग्यवं ा

सितम्बर तथा अक्तूबर 1983 में पूर्वी हवाओं तथा आका ा में बादल छाये रहने के फलस्वरूप पौधा में वनस्पातिक उत्पति ज्यादा बढ गई तथा फसल को कीड़ा अधिक लग गया। कपास की उपज 8.5 लाख गांठों से एकदम घटकर लगभग 5 लाख गांठ रह गई । रूपयों में अनुमानित हानि 79 करोड़ है।

यह कहना गलत है कि कपास की फसल को यह हानि नकली कीटना ाक दवाईयां घटिया खाद अथवा घटिया किस्म के बीजो से हुई। यह सब को मालूम हैं कि कपास की फसल को पंजाब तथा हरियाणा दोनों राज्यों में हानि पहुची। यदि खराब खाद एवं बीज से हानि हुई होती तो यह किसी वि ोश जगह पर ही होती न कि सम्पूर्ण प्रदे ा मे होती। कपास के बीज की सप्लाई हरियाणा बीज विकास निगम तथा अन्य उत्पादको के माध्यम से की गई थी तथा अन्त में हरियाणा बीज प्रमाणिक एजैन्सी द्वारा इसे प्रमाणित किया गया था। फसल को कीडों की बीमारी का मुकाबला करने के लिए लगभग 53000 हैक्टेयर कपास की फसल को हवाई छिड़काव किया गया था तथा भोश क्षेत्र में भूमि छिड़काव किया गया । खादों की किस्म को जिलों में सम्बन्धित क्वालिअी स्टाफ द्वारा भी भली प्रकार चैक किया गया था। इसलिये यह कहना ठीक न होगा कि कपास की फसलों को हानि खराब बीज तथा खाद के कारण हुई।

हमने केन्द्रीय सरकार से पुरजोर अनुरोध किया है। कि पंजाब के कपास उत्पादकों को दी जाये। सहायता की तरह

हरियाणा के कपास उत्पादको को भी सहायता उपलब्ध की जाय। कृशि मन्त्रालय को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा गया हें जिसमें कुल 31.26 करोड़ रूपये की सहायता की मांग की गई है। हमने किसानों को मुआवजा देने हेतु ओर अगली फसल के लिये सस्ती दरों पर खाद एव बीज उपलब्ध कराने, हवाई तथा भूमि छिड़काव के लिये दवाइयां देने, छिडकाव पम्पों पर रियायत देने इत्यादि लिये सहायता मांगी है। हमें पूर्ण आ ा है। कि हमारी प्रार्थना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जायेगा तथा हमें इस कार्य के लिये पर्याप्त सहायता केन्द्रीय सरकार से मिलेगी।

हम इस बारे में भी पूर्ण जागरूक हैं कि 1983–84 की रबी फसलों को हाल ही की भाीत लहर से काफी हानि हुई हैं चना तिलहन की फसलें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। चाहें प्रभावित जिले हैं जींद, सिरसा, हिसार, भिवानी, महेन्द्रगढ़ तथा रोहतक। चाहे अधिक नहीं, परन्तु गेंहूं की फसल को भी हानि पहुंची है। चने और सरसों की फसल को हुई हानि की मात्रा एक जिले से दूसरे जिले में भिन्न है। जो सिंचाई सुविधायों तथा क्षेत्र की स्थिति पर निर्भर हैं देर से बोई हुई सरसों की फसल जल्दी बोई गई फसल से कम प्रभावित हुई है। भिवानी तथा महेन्द्रगढ़ जिलों मै जो वर्शा पर आश्रित हैं अन्यन्त हानि हुई हे।

जहां तक ओलावृश्टि का संबंध हैं जीन्द, सिरसा, कुरूक्षेत्र ओर करनाल जिलों से फसलों को हुई हानि की सूचना मिली हैं । जींद जिला में 3 गांव 2000 फसली एकड़ सिरसा के

14 गांव 10000 फसली एकड़ कुरूक्षेत्र जिला के 64 गांव 21.111 एकड़ तथा करनाल जिला के 23 गांवा 2150 एकड़ ओलावृश्टि से प्रभावित हुए है। यह हानि केवल अनुमानित आकडे हैं तथा वास्तविक स्थिति का पता केवल गिरदावरी पूर्ण होने पर ही लगेगा।

सम्पूर्ण राज्य मे गिरदावरी जोरो से चल रही है। तथा इसके पूर्ण होने पर पूरी हानि को विवरण ज्ञात हो सकेगा। सभी क्षेत्रों में भूमि जोतकर तथा आबियाना की मुआफी निधार्रित दरों के अनुसार दी जायेगीं ओर जो भी सहायता जैसे तकाबी, कर्जो (सहकारी व अन्य कर्जो) की वसूली का स्थगन बीज खाद का अगली फसलों के लिये उपलब्धता करना इत्यादि हानि की स्थिति ज्ञात होने पर दी जायेगी।

हमें किसानों पर आई इस आपदा पद बहुत चिन्ता है वि ोशकर कपास चने तथा सरसों वाले क्षेत्रों में ओर हमारी सहानुभूति उनके साथ है। हमने कपास उत्पादको का मामला पहले ही केन्दीय सरकार को सहायता उपलब्ध कराने हेतु भेजा हुआ है। तथा गिरदावरी के पूर्ण होने पर रबी फसलों की हुई हानि का मामला भी उनको भेजा जायेगा। मै सदन के आदरणीय सदस्यों को यह वि वास दिलाता हूं कि सम्पूर्ण राज्य में प्रभावित किसानों को अधिक से अधिक सम्भव सहायता देने मे कोई कसर बाकीनहीं छोड़ी जायेगी।

11.00 बजे

श्री राम बिलास भार्मा: स्पीकर साहब, हमारे ध्यानकर्शण प्रस्ताव का जवाब सरकार की तरफ से दिया गया है। ओर मंत्री महोदय ने यह स्वीकार किया हैं कि महेन्द्रगढ़ ओर भिवानी जिलों में सबसे ज्यादा सरसों की फसल को नुकसान हुआ है। ओर चने की फसल का भी काफी नुकसान हुआ है। स्पीकर साहब, सरसोकी फसल आने वाले दस दिनों में कट जायेगी। लेकिन मंत्री जी ने यह फरमाया कि सरकार सरसों की फसल की गिरदावरी वाहफुटिंग पर करवा रही है। स्पीकर साहब, 10 दिन मे सरसो की गिरदावरी कैसे हो सकती है। और सरकार को यह कैसे मालूम होगा कि किस किसान की सरसों की फसल कितने परसैन्ट खराब हुई हैं इसके अलावा मंत्री जी ने कहा कि हम किसानेां का आबियाना माफ करेगे। स्पीकर साहब, आबियाने का मतलब सिचाई से है। और महेन्द्रगढ़ तथा भिवानी जिलों में ट्यूबवैल से सिचाई होती है। में मत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो आबियाना माफ किया जाएगा । क्या उसमें बिजली के बिल भी भामिल किए जाऐगं यानी बिजली के बिल के पैसे भी माफ किए जायेगे?

श्री लक्षमण दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने यह कहा हैं कि सरसो की फसल 10 दिन के अन्दर कट जायेगी सरकार को उसके नुकसान की जानकारी कैसे होगी। इस बारे में मै अपने फाजिल दोस्त को बताना चाहूंगा कि पिछली 11 तारीख से फसलों की गिरदावरी भुरू हो चुकी है। और मैं यह भी बताना

देना चाहता हूं कि सरसो की कटाई से पहले गिरदावरी कप्लीट कर ली जायेगी तथा सरसों मे जो नुकसान हुआ है। उसके अंकडे हमारे सामने आ जायेगे इसके अलावा इन्होनें यह पूछा है कि जो आबियाना माफ करेगे क्या उसमें बिजली के बिल भी भामिल किये जायेगे। मै समझता हूं कि आबियाना में बिजली के बिल के पैसे जोंड कर माफ करने वाली बात नहीं हैं केवल रेवेन्यू माफ किया जाऐगा।

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, मंत्री जी ने ध्यानाकर्शण प्रस्ताव के जवाब में यह कहा है कि केन्द्रीय सरकार से हमने पुरजोर अुनरोध किया है कि पंजाब के कपास उत्पादकों को दी गई सहायता की तरह हरियाणा के कपास उत्पादकों को भी सहायता उपलब्ध की जाये। मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि क्या आपने यह अनुरोध केन्द्रीय सरकार से उस वक्त किया था जिस वक्त केन्द्रीय कृंशी मंत्री ने अखबार में यह ब्यान दिया कि हरियाणा सरकार ने कपास के सिलसिले में हमारे से कोई मांग ही नहीं की । इसके साथ ही मै यह कहना चाहता हूं कि जो लड रेवेन्यू एक्ट हैं जिसके तहत आबियाना माफ किया जाता था। वह ऐक्ट बहुत पुराना बना हुआ हैं जिस वक्त यह ऐक्ट बनाया गया था उस समय टयूबवैल जैसे सिचाई के साधन उपलब्ध नहीं थे। इस वक्त किसानो को सिचाई के जो नए साधन दिए गयें है। उसमें टयूब्वैल से सिचाई करने पर बहुत खर्च करना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि किस प्रकार की आपति आई

ओर सरकार ने नहरों से सिचाई होने वाले इलाको के किसानों को कुछ सुविधाए दी हैं और उसका आबियाना भी माफ कर दिया गयां हैं। मैं आपके द्वारा मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जिन इलाको में टयूबव्ल्ज से खेती की सिचाई होती है। ओर जो खास करके रेतीले इलाके हैं उन इलाको में भी क्या सरकार किसानो को नहरी पानी से सिचाई होने वाले इलाकों की तरह कोई सुविधा देने के लिए विचार करेगी।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, आर्य साहब ने कपास के उत्पादको को सहायता देने के बारे में पूछा है। मैने इस बारे मे पहले भी बताया था कि ज्यों ही कपास की फसल खराब हुई थी हमने उसी वक्त भारत सरकार को लिखा था और रीमाइडर भी दिया था इसके अलावा हमने प्रधान मंत्री जी को भी चिट्ठी लिखी थी कि जेसे आपने पंजाब के कपास उत्पादको को 10 करोड रूपये की सहायता दी है उसी तरह से हरियाणा के कपास उत्पादको को सहायता दी जाये ताकि हरियाणा के किसानों को जो दो तरह के लोन दिए जाते हैं एक भाार्ट टर्म लोन और दूसरा मीडीयम टर्म लोन इसमे सहायता मिल सके। भाार्ट टर्म लोन की मीडीयम टर्म लोन कर दिया जाये। ओर मीडीयम टर्म लोन को लोग टर्म लोन कर दिया जाये। ऐसा करने से किसानों की काफी सहायता हो सकेगी। इस बारे में मैने बाकायदा प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखा था जहां तक इन्होने यह कहा है कि कृशि मंत्री जी ने यह कह दिया कि हरियाणा सरकार की तरफ से कपास के बारे में

हमारे पास कोई मांग नहीं है। पता नहीं यह बात अखबार में कहां से आ गई हमने उसी वक्त उनको चिट्ठी लिखी थी और मैने हमारे कृशि मंत्री राव बीरेन्द्र सिहं जी से तीन दफा इस बारे में बात की है। उन्होनै मुझे यह कहा था कि हम इसे मामले को देख रहे है। उन्होने मुझे पूरा आ वासन दिया था कि हम आपके केस के बारे मै सहानुभूति पूर्वक विचार कर रहे है। ओर जितनी सहायता कर सकते हैं उतनी जरूर करेगे। जहां तक एक माननीय सदस्य ने यह कहा हैं कि बिजली के बिल माफ कर दिये जाये। इस बारे में मै उनको बताना चाहूंगा कि बिजली के बिलों की वसूली के लिए बाकायदा कानून बना हुआ है। अध्यक्ष महोदय, जो फसल नश्ट हो जाती हैं उसका आबियाना माफ करने के लिए कानून हें लेकिन बिजली केबिल माफ करने का कोई का कोई कानून नहीं है। यह सरकार किसानों की सहायता करने के लिए हर वक्त सोचती रहती हे। जहां तक माननीय सदस्यों ने कपास की फसल नश्ट होने के बारे में कहा हैं मै उनको बताना चाहता हूं कि हमने इसीलिए आबियाना कतई तौर पर माफ नही किया आबियाना माफ करने से सरकारी खजाने पर चार करोड़ रूपये का अतिरिक्त बोझ पडा है। हमने कपास की फसलज नश्ट होने पर किसनों की चार करोड़ रूपये की मदद की हैं जहां तक टयूब्वैल की बिजली के बिलों का सवाल हैं उस बारे में मै यह कहना चाहता हूं कि वे माफ नहीं किए जा सकते। इसके अलावा माननीय सदस्य के यह कहा है कि महेंन्द्रगढ़ और भिवानी जिलों में नहर का पानी बिल्कुल नहीं लगता है। उन जिलों में भी नहरी पानी से

सिचाई होती है। यह हो सकता हैं कि दूसरे इलोकें की बजाय उन जिलों मे नहरी पानी कम जाता हो लेकिन जहां भी नहरी पानी से सिचाई होती है। हम सारीर बात को देख रहे है। और कायदे कानून के हिसाब से उन इलाकों मे जितनी भी रियायत हों सकती हैं वह करेगे।

चौधरी हुक्म सिहं फोगट: स्पीकर साहब, मंत्री जी ने बताया कि पिछली 11 तारीख से गिरदावरी भुरू हो चुकी है। गिरदावरी तो जनरली जिस तरह से होती हे। उसी हिसाब स हो रही है। मंत्री जी से यह भी माना हैं कि भिवानी जिले मै सारा बरानी इलाका हैं और वहां पर सरसों ओर चने की फसल को अधिक हानि पहुची हैं स्पीकर साहब, पटवारी गिरदावरी करते समय बहुत हेंराफेरी होती है। यदि कोई किसान उनको पैसा दे देते है। तो उनके खेतो की गिरदावरी करते वक्त फसल का खराबा दिखा देते है। वरना नहीं दिखाते। मै आपके द्वारा मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार गिरदावरी के लिये कोई स्पै ाल प्रबनध करेगी ताकि पटवारी किसानों की फसलें की गिरदावरी ठीक ढ़ग से करे। जो बरानी इलाके हैं वहां पर तो कम से कम गिरदावरी ठीक ढंग से होनी चाहिए।

श्री लक्षमण दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, गिरदावरी के लिए सरकार ने ठीक ढंग से प्रबन्ध किया हुआ हैं जिस गांव में भी पटवारी गिरदावरी भुरू करता है। उस गांव के संरपच और नम्बरदार को पहले इतलाह कर देता हैं कि मैं गिरदावरी भुरू कर

रहा हूं। इसके अलावा यदि माननीय सदस्य के नोटिस में यह बात हैं कि उनके इलाके मे गिरदावरी भुरू हो तो वे अपने आदमियों को कहें कि वे पटवारी के साथ जांय।

चौधरी हुक्म सिहं फोगट: स्पीकर साहब, यह कहां तक मुनासिब हो सकता हैं कि हम गांवों मे जा कर लोगों को यह कहे कि आप पटवारी के साथ जा कर गिरदावरी करवा ले। (ाोर)

श्री अध्यक्ष: आप ि ाकायत लिख करके इनके पास भेज दे ये जरूर एक ान लेगे।

श्री लक्षमण दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, यदि माननीय सदस्य को यह एतराज हैं कि पटवारी गिरदावरी मैं हेराफेरी करते हैं तो वे उनके साथ अपने आदमियों को भेज दे। ये कैसे कह रहे हैं कि गिरदावारी गलत हो रही हैं हम कहते है कि गिरदावरी बिल्कुल ठीक है।

श्री नर सिहं ढांडा: अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने बताया कि ओलावृश्टि से फसल को जो नुकसान होता हैं उसक मुआवजा किसानों को मिलता हैं ओर वह मिलता रहेगा। अध्यक्ष महोदय, भीत लहर से चने की फसल हरियाणा में बरबाद होती जा रही है। मुझे ऐसा लगता हैं कि यदि यही हालात रही तो चने की फसल हरियाणा में बिल्कुल खत्म हो जायेगी। मैं आपके द्वारा मंत्री जी ने यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से या किसी एक्सपर्ट से इस फसल की भीत लहर से

बचाने के लिए कोई रिसर्च करवायेगी ताकि हरियाणा से चने की फसल खत्म न हो?

चौधरी भजन लाल: भीत लहर का क्या इलाज हो सकता हैं यदि सर्दी से फसल खराब हो जाती हैं तो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और एक्सपर्ट क्या कर सकते है। भीत लहर से खराब हुई फसल का मुआवजा देना भी मुनासिब नही हैं क्योकि इस बात के लिए हमारा बजट भी इजाजत नही देता है। जहां तक चने की फसल खराब होने का ताल्लुक हैं यूनिवर्सिटी बीज बनाती हैं अभी तक उसने ऐसा कोई बीज नहीं तैयार किया है। जिसको सर्दी न लगे।

श्री नर सिंह ढांडा: अध्यक्ष महोदय, इस तरह से भी तो हो सकता हैं कि जमीन मे खाद की कमी हो या किसी दूसरी बीज की कमी हो सके हो जिसकी चने की फसल खराब हो जाती है उसके बारे में तो एग्रीकलचर या किसी एक्सपर्ट से एग्जामिन करवाया जा सकता है।

श्री अध्यक्ष: चने की फसल के मुतालिक मैं अच्छी तरह से जानता हूं जैसे जैसे मोसम बदलता हैं ओर पानी का तरीका बदलता हैं उसके हिसाब से चने की फसल कम होती जा रही है। करनाल में 50–50 पन प्रति एकड़ के हिसाब से चना पैदा हुआ करता था लेकिन आज कल नहीं होता है। मैं यह बात काफी दिन पहले की बता रहां हूं । करनाल के ऊपर की साईड में एक

एकड़ में 50 मन चना पैदा होता था लेकिन इस समच एक मन प्रति एकड़ के हिसाब से भी नहीं हो रहा है। मैं भी ए एग्रीकलचर मिनिस्टर टाई करता रहा हूं दिल्ली में भ एग्रीकलचर के बारे में एक कांफ्रैस हुई थी मैने उस कांफैस मे भी इस बात का जिक्र किया था यह किसी के बस की बात नहीं हैं कि चने की फसल क्यो खराब हो रहीं है।

श्री नर सिहं ढांडा: अध्यक्ष महोदय, जिस जिस जगह पर चने की फसल के लिए खाद भेजा गया हैं वहां पर चने की फसल बहुत अच्छी हुई है। लेकिन जहां पर खाद नही हैं वहां पर बिल्कुल खराब हो गई।

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, चना खाद को तो बिल्कुल नही मानता । यदि चने की फसल में खाद डाल दी जाये तो फसल नश्ट हो जाती हैं चने का और खाद का कोई मेल नहीं हैं। जिस जमीन में खाद डाल दी जाये उस जमीन में चने की फसल नहीं हो सकती।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, मंत्री जी ने अपने जवाब में बताया हैं कि भिवानी और कुरूक्षेत्र के इलाकों मे सरसो की फसल बहुत मात्रा मे बोई जाती है। क्योकि बाढडा हल्का बारानी इलाका है। इसीलिये वहां पर सबसे ज्यादा सरसें ही बोई जाती है। मेरे हल्के मे सरसों की फसल बिल्कुल खत्म हो जाती हैं मैं सरकार से प्रार्थना करूगी कि वहां के किसानों ने जो कर्ज

लिया हुआ हैं यदि सरकार उस कर्ज की दो किस्ते माफ कर दे तो उन किसानेां का भला हो सकता है ओर राहत भी मिल सकती हैं जनाब स्पीकर साहब, वहां पर सारी सरसों का पानी हो गया हें उसकेां कोई प ा भी नही खा सकता हैं बिल्कुल सड़ने लग गई है। सारी फसल में बदबू आ रही हैं उस फसल का कुछ भी नही बन सकता। इसीलिये मै सरकार से प्रार्थना करती हूं कि अगर सरकार वहां के किसानेां ने जो कर्जा लिया हुआ है। उसकी दो किस्तों माफ कर दे तो उनका वहां के किसानेां ने जो कर्जा लिया हुआ हैं उसकी दो किस्ते माफ कर दें। उनका काम चल सकता हैं दो किस्ते माफ कर देने से सरकार को कोई बहुत ज्यादा घाटा भी नहीं होने वाला है। एक सवाल मैं यह भी पूछा गया था कि 7 लाख रूपयें की स्टें ानरी का गबन हैं मै आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से यह रिक्वैस्ट करना चाहती हूं कि यदि वे कर्ज की दो किस्ते माफ कर दे तो मैं उनकी बात भाुक्रगुजार हूंगीं।

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, कर्जा माफ करना संभव नहीं हैं जहां पर फसल खराब हुई है। वहां पर हमने डिप्टी कमि ानर्ज को आदें ा दिऐ हैं । स्पे ाल गिरदावरी करके रिपोर्ट सरकार को भेज ताकि जो वसूली किसानों से करनी हैं वह रोकी जा सके।

चौधरी ओम प्रका ा: जैसा कि अभी मुख्य मंत्री जी ने बताया है कि पंजाब सरकार को भारत सरकार ने 10 करोड़ रूपया कपास की फसल मं हुए नुकसान के लिए दिया हैं यह पैसा भारत

सरकार ने पंजाब सरकार को लोन के रूप में दिया है। मैं मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या हरियाणा सरकार भी केन्दींय सरकार से ऐसा लोन लेकर जिन किसानेो की कपास की फसल खराब हुइ है सहायता करेगी? दूसरी बात यह हैं कि रोहतक जिले में 1983 की दोनों फसले खराब हो गयी। पहली फसल तो बाढ़ की वजह से खराब हो गयी है। और दूसरी फसल चने तथा सरसों की भीत लहर की वजह से खराब हो गयी हैं क्या इन किसानों को सहायता दिए जाने पर सरकार सहानुभूतिपर्वूक विचार करेगी।

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, हमने भारत सरकार से 31 करोड़ रूपये से ज्यादा कुछ पैसा मांगा हैं यदि वहां से हमें पैसा मिल जाता हैं तो हम किसानेों को जरूर देगे। भारत सरकार ने पंजाब सरकार को लोन तो दिया हैं यदि पंजाब सरकार ने अपनी तरफ से किसानों को कुछ पैसा दिया हो तो हमें पता नहीं है। फिर भी हमने 150 रूपया पर एकड़ के हिसाब से मुआवजा देने के लिए भारत सरकार को लिखा हुआ हैं यदि वहां से पैसा आ जायेगा तो किसानेां की मदद जरूर की जायेगी।

श्री भागी राम: अध्यक्ष महोदय, सिरसा जिले में बरानी जमीन बहुत ज्यादा हैं इस इलाके में चने की फसल के सिवाए और कोई फसल नहीं होती । क्या मंत्री जी बताएंगे कि भीत लहर की वजह से या दूसरी वजह से सिरसा जिले में चने की फसल को कितने परसेन्ट नुकसान हुआ हैं चुकि एगीकलचर

डिमार्टमैट ने चने की फसल में नुकसान के बारे में कोई रिपोर्ट भेजी है दूसरा सवाल मेरा यह हैं कि अभी मास्टर हुक्म सिंह जी ने कहा कि जो किसान पटवारियो को पेसा दे देते है उनका नुकसान पटवारी 50 परसेन्ट से 80 परसेन्ट के बीच में लिख देते हैं और जो किसान पैसा नही देते उनका नुकसान ठीक दर्ज नही किया जाता क्या इस तरफ भी सरकार ध्यान देगी?

श्री अध्यक्ष: मास्टर हुक्म सिंह जी ने यह बात बहुत जोर से कही हैं आप उसे क्यो रपीट कर रहे है।

श्री लक्षमण दास अरोड़ा: गिरदावरी करते समय लोगों का खुद का अपना इन्ट्रैस्ट हैं वे मोके पर पटवारी के साथ जांये और अपना ठीक नुकसान लिखवाये। यदि कोई पटवारी ठीक खराबा दर्ज नहीं करता तो उसकी ि ाकायत की जायं। यदि कोई ि ाकायत आयेगी तो उस पर जरूर एकसन लिया जायेगा इसके अलावा मैं बताना चाहूंगा कि डिपार्टमैट की तरफ से कोई रिपोर्ट नहीं आई।

चौधरी धीरपाल सिंह: स्पीकर साहब, रोहतक जिले में बाढ़ की वजह से और भीत लहर की वजह से दो बार फसलें को नुकसान पहुंचा हैं पिछले महीने 20–22 तारीख को रोहतक जिले के अन्दर भीत लहर की वजह से ही गेंहू, चने ओर सरसों की फसल नश्ट हो गयी । लोगों से कर्जो की रिकवरी न करने के लिए कई बार मुख्य मंत्री जी हाउस में ओर हाउस से बाहर भी

कह चुके हैं लेकिन उनसे रिकवरी फिर भी की जा रही हैं बादली केाआप्रेटिव बैक तथा दूसरे बैक लोंगों से अब भी रिकवरी कर रहे हैं किसानेा की दोनेा फसले खराब हो गयी हैं जिसकी वजह से किसान लोन दे नहीं पर रहा है। क्या सरकार लोन की रिकवरी को मुलतबी करेगी और लोगों को कोई काम दिलायेगी जिससे उन्हे रोटी मिल सके।

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, जहां पर बाढ़ से नुकसान पहुचा हैं वहां पर वसूली स्थगित की हुई हैं लेकिन जहां पर बाढ़ का प्रभाव नहीं है वहां पर वसूली की जा रहीं है।

प्रो0 सम्पत सिंह: अध्यक्ष महादेय, अभी जवाब में बताया गया है कि कपास की फसल को नुकसान हुआ हैं लेकिन उस नुकसान की जिम्मेवारी सरकार अपने ऊपर नहीं ले रही हैं सौभाग्व ा दोनो मंत्री ओर मुख्यमंत्री उन्ही जिलों के हैं जिन जिलेां मे कपास बहुत अधिक पैदा होती हैं सरकार कह रही हैं कि कपास की फसल मे मोसम की वजह से नुकसान हुआ हैं अध्यक्ष महोदय मे बताना चाहता हूं कि कपास की फसल को दो बार नुकसान हुआ हैं पहला तो नुकसान कपास जब बोयी गयी थी ठीक उसके एक महीने बाद हुआ हैं ओर दूसरा जब उसे फल आ चुका था तब उसे कीडा लग गया जिसकी वजह से नुकसान हुआ हैं जब कीडे की बीमारी कपास की फसल पर लगी तो किसानों ने अपनी फसल पर कीडे मार दवाई छिडकी। उस दवाई से छिडकने की वजह से सारी फसल नश्ट हो गयी। इसके साथ साथ मुख्य

महोदय, आप जानते है कि प्रजातन्त्र में, प्रजातन्त्र की प्रणाली में अपोजि ान का भी एक अहम रोल होता है। उनके भी कुछ फर्ज होते है और उन फर्जों को उन्हें निभाना भी चाहिये लेकिन अध्यक्ष महोदय आप जानते है कि इस हाउस की कुछ गरिमा, परम्पराएं होती है। कुछ सिंद्धात होते हैं और कुछ मर्यादाएं भी होती है लेकिन जैसे ही हमारे राज्यपाल महोदय यहां पर पधारे और जिस तरह का प्रद र्ान माननीय अपोजि ान के भाईयों ने यहां पर किया वह बडा ही खेदजनक था। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना करूंगा कि वे बीच में न बोलें। जब वे बोल रहे थे तो हमारी तरफ से किसी ने भी उनको बीच में नहीं टोका। अगर किसी ने कोई बात कहनी हो तो बाद में कह लें। वैसे में ऐसी कोई बात कहना भी नहीं चाहता जिससे किसी माननीय सदस्य को किसी प्रकार की ठेस पहुंचे। लेकिन जिस तरह से इन्होंने हाउस के वातावरण को बनाने की कोि ा ा की उसकी मैं कठोर भाब्दों में निन्दा करता हूं कि वह माहौल ठीक नही था। राज्यपाल महोदय, का एक दायित्व है। जब भी नये साल का सै ान भाुरू होता है तो राज्यपाल महोदय हाउस में आकर.....

श्री मंलग सैनः स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि मुख्यमंत्री जी अपोजि ान के रोल को कंडैम करते हैं क्या हमें भी इस बात के लिए आपकी इजाजत होगी कि गवर्नर साहब का जो रोल है उसको हम कंडैम करें? फिर हमें कोई एतराज नहीं होगा।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, डा0 साहब तो बडे पुराने मैम्बर है यह क्या प्वायंट आफ आर्डर हुआ। हमने डा0. साहब की बातें बडी हिम्मत से बैठ कर सुनी थी। इनको भी हमारी बात भाान्ति से सुननी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महादेय हाउस में आकर सरकार की जो भी नीतियां है पालिसी है या प्रोग्राम है उनके बारे में यहां बताते है कि सरकार ने अब तक क्या किया और आगे क्या करना चाहती है। राज्यपाल महोदय ने बहुत ही भाानदार तरीके से इन सारी बातों के बारे में यहां कहा था। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि सदन में सब से ज्यादा जोर ला एंड आर्डर पर दिया गया और वि ोशकर आज कल के हालात पर दिया गया। यहां पर पंजाब और हरियाणा के हालात की खासतौर पर चर्चा हुई। अध्यक्ष महोदय आप जानते है कि पडौसी प्रदे ा पंजाब हमारा बडा भाई है। हम वहां के लोगों का बडा आदर और सम्मान करते हैं लेकिन पिछले अढाई सालों से जिस तरह का वातावरण पंजाब में है उससे सारा दे ा चिन्तित है। दे ा यह चाहता है कि किसी तरह से भी हमारा भाईचारा, हमारी परम्पराएं हमारी सदभावना और मैत्री बनी रह लेकिन कुछ मुटठी भर लोग दे ा के अन्दर वातावरण को बिगाडना चाहते है। कोई भी गुरू का ि ाश्य यह नहीं चाहेगा कि दे ा के अन्दर गडबड की जाए। सिक्ख गुरूओं का एक बडा महान इतिहास है। जिसके बच्चे दीवारों में चिनवा दिए गए हो जिसने दे ा की आजादी के लिए कुर्बानी दी हो और सरदार भगत सिंह जैसे भाहीद ने हंस कर फांसी को चूमा हो और जनरल डायर को इंगलैंड में जाकर गोली

मारना कोई छोटी बात नहीं है। ऐसे आदमी इस बात को कैसे बर्दा त कर सकते है कि हमारे दे ा में कोई गडबड करे। आज कुछ मुटठी भर लोग बाहर के मुलको के इ ाारे पर दे ा के वातावरण को खराब करने की कोि ा ा कर रहे हैै। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि जिस तरह का वातावरण आज पंजाब में हो रहा है इससे सारे दे ा की जनता को बडा भारी दुख है। उसका थोडा सा असर हरियाणा में भी पडा और उसकी वजह से जो हरियाणा में घटनाएं हुई उनको लेकर हम और भी चिन्तित है हमें बडा दुख है। अकाली तो यही चाहते है कि यहां का वातावरण बिगडे और उसका असर दूसरे प्रान्तों में पडे ताकि सारे दे ा में बदअमनी फैल जाए और उनका मसला हल हो जाए। कुछ लोगों ने हमारे यहां पर भी इस तरह का वातावरण बिगाडने की कोि ा ा की लेकिन आप देखते है कि हरियाणा सरकार ने उसी वक्त पूरा एक ान लिया। अध्यक्ष महोदय, गुरद्वारे, मन्दिर, मस्जिद और गिरजा घर जो हमारे पजा के स्थल है जहां बैठकर भगवान का कीर्तन होता है भजन होता है और पूजा पाठ होता है और वहां के लोगों को प्ररेणा मिलती है अगर उन्हीं को जलाया जाए तो इससे ज्यादा दुख की बात और नहीं हो सकती। ऐसे पवित्र स्थानों में अगर बदमा ाों के अडडे हो जाएं और गुनाह करके वे इनमें छिप जाएं तो इससे बुरी बात और क्या हो सकती है। आज सभी दे ावासियों का फर्ज बनता है कि हम दे ा की एकता को मजबूत रखें। दे ा की आजादी के लिए कितनी माताओं के बेटों ने फांसी को चूमा लेकिन आज कुछ लोग उसी दे ा को छिन्न

भिन्न करना चाहते है। अध्यक्ष महोदय, जैसे मैं अर्ज कर रहा था कि पंजाब की हालात को मुददे नजर रखते हुए उसका रिएक ान कुछ हरियाणा में भी हुआ लेकिन आप देखते है कि केंद्रीय गृह मंत्री आप और मैं पानीपत के मौके पर गये थे। वहां 8 जानें चली गई जिसका हमें बडा दुख है लेकिन हमने एकदम आदे ा दिया कि अगर कोई भी आदमी धर्म स्थलों को या दूसरी प्रोपर्टी को नुकसान पहुंचाने की कोि ा ा करे तो उसे देखते ही गोली मार दी जाए। जलसे जलूस न हो और वातावरण को बिगाडने को कोि ा ा न की जाए। आप देखते है कि हमारे प्रयत्नों से आज प्रान्त में पूरी तरह से अमन है। इसी बीच हमारे डिप्टी स्पीकर साहब, चौधरी वेदपाल और बहिन भाान्ति जी पर हमला हुआ जिसके बारे में हमने पहले ही चर्चा की है और आज भी मैं इस बात के लिए बडा भारी चिन्तित हूं। मुझे दुख है कि कुछ ऐसे लोग जो बगैर किसी मतलब के बेगुनाह लोगों पपर यूं ही हमला कर दें और जान से मार दें। इससे बुरी बात दुनिया में और क्या हो सकती है। इस मामले में हम काफी नजदीक पहुंचे है औरमुलजिमों को पकडने के लिये हमें कुछ सुराग मिले है। मुझे हमारे एडमिनिस्ट्रे ान पर और पुलिस पर पूरा भरोसा है कि हम बहुत जल्दी असली मुलजिमों पर काबू पर लेंगे। इसके साथ साथ स्पीकर साहब आप जानते है कि अपोजि ान के भाई यहां बैठे हुए है ये जब यहां पर बोलते है तो और बात करते है और जब इनके लीडर बोलते है तो वह और तरह की बात करते है। हर आदमी यही कहता है कि प्रधानमंत्री को पंजाब का मसला हल करना

चाहिए लेकिन सुझाव कोई नहीं देता। ये तो सोच रहे है कि जैसे अकाली प्रधानमंत्री ही बहुत बडी मुजरिम हों। कोई सुझाव दे कि ऐसा किया जाए तो यह फैसला हो सकता है। इनको बताना चाहिए कि इसके लिये कोई रास्ता है या नहीं। ये सिर्फ यही कहते हैं कि इसके लिये प्रधानमंत्री जी जिम्मेवार है लेकिन मैं इनसे पूछता हूं कि क्या आपकी जिम्मेवारी नहीं है? (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, मैं एक बार फिर प्रार्थना करूंगा कि ये भाई मुझे बीच में टोकने की कृपा न करें। अध्यक्ष महोदय, ये प्रधानमंत्री जी को रास्ता बताएं अगर कोई जायज बात होगी तो फैसला हो सकता है। जो अकालियों की जायज मांगे थी वह प्रधानमंत्री ने मानी भी थी लेकिन उनकी किसी मांग को हरियाणा की कीमत पर प्रधानमंत्री जी कैसे मान सकती है। प्रधानमंत्री जी ने कितनी बार कहा है कि उनकी जायज मांगे मान ली गई है और जो जायज मांगे और भी होगी उनको भी मानने के लिए तैयार हूं। लेकिन किसी प्रदे ा की कीमत पर कैसे कोई फैसला करें। आज चंडीगढ और फाजिल्लका अबोहर का मसला है। आज अगर अकाली यह कहें कि चंडीगढ तो हमें मिला हुआ है और फाजिल्लका अबोहर भी हमारा है यह बात कैसे सम्भव हो सकती है। हमने कभी भी हरियाणा बनाने की मांग नहीं की थी अकालियों ने कहा था कि पंजाब सूबा अलग बनाओ। प्रधानमंत्री जी को मजबूर होकर भााह कमि ान के नाम से एक कमी ान बनाना पडा। उस कमी ान ने अपना फैसला दिया कि चंडीगढ और खरड तहसील हरियाणा के है तथा हिन्दी बोलने वाले इलाके भी हरियाणा के है। अकालियों

ने कह दिया कि हम तो इस बात को नहीं मानते। सन्त फतेह सिंह को उन्होंने जलने के लिए बैठा दिया। वे कहने लगे कि सन्त जी जल कर मरेंगे वरना चंडीगढ उन्हें दो जैसे दो साल का बच्चा कहता है कि या तो मुझे खिलौना लाकर दो वरना मैं रोता रहूंगा। फिर भी प्रधानमंत्री ने माइनोरिटी कम्यूनिटी का ख्याल रखते हुए उनकी उस बात को माना और चंडीगढ पंजाब को दे दिया। उसके बदले में हरियाणा को 107 गांव फाजिल्का अबोहर के और 7 गांव चंडीगढ के इलाके के यानि कुल 114 गांव हरियाणा को दिये। उस समय पंजाब में अकाली मुख्यमंत्री सरदार गुरनाम सिंह थे। उन्होंने इस बात को माना और बडी खु ी के साथ पंजाब में दीवाली मनाई गई। उस बात का हरियाणा में रीएक ान हुआ और 12 आदमी गोलियों से मरे। बडी मु कल से सिचुए ान को कन्ट्रोल में किया गया। हमने जनता को कहा कि ने ान के हित में हमें इन बातों को मानना चाहिए।

श्रीमति चन्द्रावतीः जनाब स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी उन बातों के बारे में बोल रहे है। जब पंजाब हरियाणा बना था। प्रधानमंत्री जी को आज से 16 साल पहले जो फैसला हो चुका था उसको इम्पलीमैंट करने में क्या दिक्कत आती थी। आज पंजाब हरियाणा में जो ऐसी बातें हो रही है उसके लिए प्रधानमंत्री जी की जिम्मेवारी है। (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह अर्ज कर रहा था। (ाोर) आप इस तरह से बीच में न बोले। आज

आप फैसला इम्पलीमैंट करने की बात कर रहे है। आप भी मंत्री रही है उस वक्त यह फैसला इम्पलीमैंट क्यों नहीं किया। यह कोई तरीका नहीं है। आप इस तरह से बीच में न बोले। अध्यक्ष महोदय, मैं यह अर्ज कर रहा था कि ये इलाके हमें मिलें लेकिन फिर भी पंजाब के अकाली उसी बात को दोबारा कहें कि ये इलाके उन्हीं के है। अध्यक्ष महोदय, जब अकाली सरकार में होते है जब वे कुर्सी पर कायम होते हैं उस वक्त वे इस बात की कोई चर्चा नहीं करते। आप सब लोग इस बात को अच्छी तरह से जानते है कि जब सरकार प्रका ा सिंह बादल पंजाब के मुख्यमंत्री थे और हरियाणा के चौधरी देवीलाल जी मुख्यमंत्री होते थे और श्री बरनाला साहब सैन्टर में मंत्री हुआ करते थे उनके पास इरीगे ान तथा एग्रीकल्चर का महकमा होता था उस वक्त उन्होंने एक दिन भी यह नहीं कहा कि पंजाब के साथ एसवाईएल नहर के पानी के मामले में ज्यादती हो गई है। और वे हरियाणा को उस नहर का पानी नहीं देगें। अध्यक्ष महोदय, उन्होंने नहर खोदने के लिए जमीन भी एक्वायर की थी और हरियाणा सरकार ने उसके लिए दो करोड रूपये दिए थे इसके अलावा मैं एक बात जो रिकार्ड पर है वह कहना चाहता हूं कि उस नहर की खुदाई के लिए तारीख भी नि चत हो गई थी कि फलां दिन चौधरी देवीलाल जी की अध्यक्षता में जलसा होगा और प्रका ा सिंह बादल उस नहर की खुदाई के लिए कस्सी मारकर उदघाटन करेंगे। अध्यक्ष महोदय, नहर की खुदाई के लिए पैसा दिया गया हो, जमीन भी एक्वायर कर ली गई हो और उसके बाद जब कुर्सी से उतर गए तो यह

कहते है कि हम उस बात को नहीं मानते। अध्यक्ष महोदय, उसके लिए बात सिर्फ कुर्सी की है। इसके अलावा आजकल जो वातावरण है वह केवल कुर्सी का ही उनके सामने नहीं है। आज उनकी मं ाा कुछ और है। सारी बातें बाहर के दे ाों के इ ाारे पर चाहते है। हमारा पडोसी दे ा पाकिस्तान है। जब पाकिस्तान के दो टुकडे हुए उसका इल्जाम हिन्दुस्तान पर लगाया गया कि हिन्दुस्तान ने पाकिस्तान के दो टुकडे कर दिए। अध्यक्ष महोदय, चीन, पाकिस्तान और अमरीका यह क्यों चाहेंगे कि हिन्दुस्तान मजबूत हो वे तो यही चाहते हैं कि किसी तरह से हिन्दुस्तान के भी दो टुकडे हो जांए और हिन्दुस्तान कमजोर हो जाए। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि अकालियों की मं ाा और नीयत साफ नहीं हैं अगर उनकी नीयत साफ हो तो भारत सरकार ने उनसे कितनी बार कहा है कि आप आएं और हमारे साथ बैठकर बात करें लेकिन वे भारत सरकार के साथ बात करने के लिए तैयार नहीं है। अध्यक्ष महोदय, त्रीपक्षीय वार्ता जब भी होती है उसके बारे में चौधरी देवी लाल जी, डा0 मंगल सैन जी और श्रीमति चन्द्रावती जी को पता है हमने भी कई बार आपस में बैठ करके बातें की है। अध्यक्ष महोदय, मैं हमारे हरियाणा प्रान्त के अपोजि ान के लीडर्ज का बडा आभारी हूं कि उन्होंने हरियाणा प्रान्त के हितों के लिए डट कर हमारा साथ दिया है और हमारी बात में बात मिलाई है। मैं सच्ची बात कहने में न कोई गुरेज नहीं करता जो सच्ची बात हो वह कहनी चाहिए। इन्होंने हमारा डट कर साथ दिया है क्योंकि हम सब को इंट्रैस्ट कामन है। अध्यक्ष

महोदय, त्रीपक्षीय वार्ता में हमने एक बार एक बात कही थी उसके बारे में डा0 मंगल सैन जी को पता है हमने सैन्ट्रल लीडर्ज को यह कहा था कि आप अकालियों को हमारे सामने बैठा कर उनके साथ हमारी बात करवाएं, अगर वे हमारी एक बात का भी जवाब दे दें तो आपकी जो मर्जी में आए वह फैसला आप दे दें। लेकिन जब अकालियों को हमारे सामने बैठकर बात करने के लिये कहा गया तो उन्होंने कहा कि हम उनके सामने बैठकर बात नहीं करते। अध्यक्ष महोदय, जब वे हमारे सामने बैठ कर बात भी न करें और कहें कि हम सब कुछ लेना चाहते है तो हरियाणा के लोग कहां जाएं। आप यह जानते है कि हरियाणा भी इस दे ा का एक हिस्सा है। हम चाहते है कि किसी तरह से इन बातों को हल हो जाए ताकि वातावरण ठीक हो। लेकिन अध्यक्ष महोदय, यह नहीं हो सकता कि जो बात अकाली कहें वह हो जाएं, यह कैसे हो सकता हैं। ऐसा होना मुनासिब भी नहीं है। मैं सदन की यह बताना चाहता हूं कि जहां तक हरियाणा के हितों का सवाल है वे प्रधानमंत्री जी के हाथों में बिल्कुल सुरक्षित है। हरियाणा के हितों का कुठराघात किसी भी कीमत पर नहीं हो सकता। (ाोर एवं विघ्न)

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मुख्यमंत्री जी हमें एक बात का आ वासन दें कि हरियाणा के हितों के विरूद्ध अगर कोई फैसला होता है तो एज ए प्रोटैस्ट मुख्यमंत्री जी त्यागपत्र दे देंगे हम भी इनका साथ देंगे (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, आप जानते है और डा0 साहब भी जानते हैं कि मैंने सैन्टर के लीडर्ज के सामने कितनी कडाई के साथ और कितनी मजबूती के साथ हरियाणा का केस प्रेजैंट किया है। इस बात के लिए आप मुझे जरूर दाद देंगे कि मैंने कितनी मजबूती के साथ हरियाणा के केस को प्लीड किया है। मैं सदन को यह भी बताना चाहता हूं कि आगे हम इससे भी ज्यादा मजबूत रहेंगे। कमजोरी दिखाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। (ाोर) हमें पूरा भरोसा है कि हरियाणा के साथ बेइन्साफी नहीं हो सकती। अगर हरियाणा के साथ कोई बेइन्साफी होती तो कभी की हो जाती। (ाोर एवं विघ्न)

श्री हीरा नन्द आर्यः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। क्या इन्होंने एसवाईएल नहर को खुदवा दिया है। यह कहते है कि हमें पूरा भरोसा है कि हरियाणा के साथ बेइन्साफी नहीं होगी। यह बेइन्साफी नहीं तो और कया है।

चौधरी भजन लालः आप भी मंत्री रहे हैं और आपके लीडर चौधरी देवीलाल जी भी मुख्यमंत्री रहे हैं क्या आप लोगों ने उसको खुदवा दिया। (ाोर) चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी जानते है मैंने उस वक्त भी जब चौधरी देवीलाल जी मुख्यमंत्री थे उस नहर को खुदवाने के लिए पूरी कोि ा ा की थी और उस वक्त मैंने सैन्टर के मिनिस्टरों की 5–6 बार मीटिंग भी करवाई थी। अध्यक्ष महोदय, मैं हाउस से एक प्रार्थना करना चाहता हूं कि हरियाणा प्रदे ा के हित में वातावरण को ठीक बनाने में ये हमारा साथ दें

और सहयोग दें ताकि हम सब चाहे कोई हिन्दू हो, चाहे कोई मुसलमान हो, चाहे कोई सिख हो या कोई ईसाई हो हम सब आपस में मिल कर एक जगह बैठ कर प्रदे ा के हित की और प्रदे ा की तरक्की की बात करें और आपस में भाईचारे को कायम रखें। हमारे दिल में किसी प्रकार की द्वेश की भावना नहीं आना चाहिए। आप सभी जानते हैं कि सिख और हिन्दू में कोई अन्तर नहीं है। वे एक ही मां के दो बेटे है। एक ने दाढी रख ली वह सिख बन गया और दूसरा मोना है उसको हिन्दू कहते हैं। (ाोर एवं विघ्न) अध्यक्ष महोदय, ये लोग आदत से लाचार है। अध्यक्ष महोदय, एक मु कल आ गई, जो आदमी पहली बार एमएलए बन कर आ गया उसको यह पता ही नहीं है कि एमएलए की फंक ानिंग क्या होती है। उसका बीच में बोलने का क्या मकसद है? (ाोर एवं विघ्न)

श्री राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। अभी मुख्यमंत्री जी ने एक माननीय सदस्य के बारे में यह कहा है कि पहली बार एमएलए बनकर आ गया उसको एमएलए की फंक ानिंग का पता नहीं है यह एक्सपंज होना चाहिए।

श्री अध्यक्ष: भार्मा जी, इन्होंने किस सदस्य के बारे में कहा है। मैं कहता हूं कि यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। (ाोर एवं विघ्न)

श्री राम बिलास भार्मा: इन्होंने श्री बलवीर सिंह ग्रेवाल के बारे मे कहा है। वे अभी आपके सामने खडे होकर कुछ कहना चाहते थे। उस वक्त मुख्यमंत्री जी ने उनको यह बात कही है। हम भी नए मैम्बर है और पहली बार चुनकर आए है। इनको हमारे बारे में ऐसा नहीं कहना चाहिए। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी बलवीर सिंह ग्रेवाल: अध्यक्ष महोदय, इन्होंने मुझे यह कहा है कि एक मु कल आ गई कि एमएलए की फंक निंग का कुछ पता ही नहीं है। यह रिकार्ड नहीं होना चाहिए। (ाोर एवं विघ्न)

श्री अध्यक्ष: मि0 ग्रेवाल मैं आपको कई दफा कह चुका हूं कि आप खमो ा रहें। कृपया आप बैठ जाएं। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, मैं तो इनको यह कहता हूं कि इन नए नए एमएलएज के लिए क्लासिज लगानी पडेगीं। (ाोर) आप सुनने की कृपा करें। मैंन ऐसी कोई बात नहीं कही। मैंने यह कहा है कि जो नए एमएलएज है वे पहली बार एमएलए बन कर आए है। इसमें मैंने क्या बुरी बात कह दी। (ाोर) इन माननीय सदस्यों को कम से कम हाउस की गरिमा और हाउस की फंक ानिंग का पता होना चाहिए। जब आपको बोलने की इजाजत न मिले तो आप क्यों बोलते हैं। (ाोर)

श्री अध्यक्ष: मैम्बर साहेबान, मुझे महसूस हो रहा है कि मेरी तरफ से आपको इतनी कोआप्रे ान मिलने के बावजूद भी

आप ऐसी बातें कहते हैं। अगर मुख्यमंत्री जी ने यह कह दिया कि कई मैम्बर पहली बार चुन कर आए हैं तो इसमें डेरोगेटरी बात क्या है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है। मैंने तो यह कहा है कि इनको हाउस की गरीमा को कायम रखना चाहिए। इतना ही कहा है इसके अलावा और कुछ नहीं कहा। अध्यक्ष महोदय, कई माननीय सदस्य बैठे बैठे यह बात कह दें कि हरियाणा में जो कुछ हो रहा है वह सरकार करवा रही है इससे बुरी बात और क्या हो सकती है? यह कितनी बेबुनियाद और कितनी गलत बात है। अपोजि ान के भाईयों को बडी जिम्मेदारी के साथ बात कहनी चाहिए। यहां हाउस में इनके सामने लिखा हुआ है कि या तो सभा में बोला न जाए अगर बोलें तो वह बात बोलें जिसमें सच्चाई हो। इसलिये माननीय सदस्यों को सच्च बोलना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, जहां तक दूसरी बातों का ताल्लुक है उसके बारे में भी मैं हाउस को बताना चाहूंगा। दे ा के हर सूबे ने बहुत तरक्की की है। हमारे सूबे ने भी बहुत ज्यादा तरक्की की है। अपोजि ान के भाईयों ने किसानों की चर्चा करते समय मगरमच्छ के आसूं बहाने भाुरू कर दिये। इन का भी दो साल का समय आया था। इनके समय में भी बाढ आयी थी। इनमें से कुछ सदस्य किसानों की चर्चा करके किसानों को राहत देने की बात कह कर वाक आउट करते है या मर्यादा की बातें करते है ताकि अखबार की सुर्खियों में उनका नाम आ जाये। किसानों की जितनी

मदद आज की सरकार ने की है। उतनी मदद कभी किसी ने नहीं की। बाढ के सम्बन्ध में जितना काम हमने किया है। वह सबके सामने है। पानी को निकालने का हमारा एक रिकार्ड है। रात दिन मंत्री और विधायक इस समस्या के समाधान के लिए बार फुटिंग पर लगे रहे हैं। हमने हर जगह पर जहां पर बाढ आयी थी लोगों को दवाईयां, आटा और प ाुओं के चारे आदि का प्रबन्ध किया। सरकार जितनी मदद कर सकती थी वह सरकार ने की। इस बात के डा0 साहब भी गवाह होंगे कि मैं रोहतक में तीन दफा गया था और मेरे साथ डा0 साहब भी थे। सोनीपत, गोहाना और जीन्द आदि जहां पर बाढ आयी थी हम वहां पर गए थे और लोगों को राहत पहुंचायी है।

श्री मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, बाढ आने से पहले मैंने इनको कहा था बाढ आयेगी इसका आप कोई इन्तजाम पहले से कर दें। इसके उत्तर में इन्होंने कहा कि बाढ नहीं आयेगी। इनके कहने के बाद भी बाढ आ गयी। (हंसी)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, बाढ एक ऐसी चीज है जिसे कोई नहीं रोक सकता। अब कि बार बारि ा ही बहुत ज्यादा हुई थी। (ाोर)

श्रीमति चन्द्रावतीः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। यदि अब भी ये ड्रेन खुदवा दें तो फिर बाढ की स्थिति नहीं आयेगी।

श्री हीरा नन्द आर्यः ..... (ाोर)

श्री अध्यक्षः जो कुछ मेरी परमि ान के बगैर बोला गया है वह रिकार्ड न किया जाये।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, बाढ का जितना बार फुटिंग पर काम हमने किया है उसके बारे में चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवाला जी ने भी बताया है। बाढ के समय 9 लाख एकड जमीन में पानी भर गया था। सरकार ने बराबर कोि ा ा करके सारे पानी को जमीन से निकाला और अब केवल 1500 एकड जमीन से पानी निकालना रहता है और वह भी 2 एकड जमीन में कहीं पर पानी खडा हैं 5 एकड जमीन में पानी कहीं पर खडा है। इससे बडी बात सरकार के लिए और क्या हो सकती है कि 9 लाख एकड जमीन में पानी हो और अब सिर्फ 1500 एकड जमीन से ही पानी निकालना रहता हो। जहां पर बाढ आयी वहां पर हमने किसानों को मालिया और आबयाना भी माफ किया है। खाद और बीज पर किसानों को सबसिडी भी दी है ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सकें। ओलावृश्टि से जो नुकसान होता है तो उसके लिए भी सहायता सरकार कर रही है। पहले 100 रूपया पर एकड के हिसाब से जो मुआवजा दिया जाता था उसको अब 200 रूपया पर एकड किया है। जो पहले 200 रूपये एकड के हिसाब से मुआवजा दिया जाता था उसको 300 रूपये किया और जो 300 रूपया मुआवजा दिया जाता था उसको 400 रूपया पर एकड किया है। इससे बढ कर सरकार किसानों की और क्या मदद कर सकती है। पिछले साल हमने किसानों को 18 करोड रूपया ओलावृश्टि के

नुकसान का दिया है। यह बात ठीक है कि अबकि बार कपास को वाकई काफी खराबा हुआ है। कपास की फसल नश्ट होने की तकलीफ जितनी हिसार और सिरसा के विधायकों को हुई है उतनी भाायद दूसरे इलाके के विधायकों को नहीं हुई होगी। भिवानी जिले का कुछ भाग, रोहतक जिले का कुछ भाग, जीन्द जिले का कुछ भाग को छोड कर आगे का जो एरिया है वहां पर यह फसल नहीं होती। जहां पर भी यह फसल होती है वहां पर वाकई काफी नुकसान हुआ है। हम पूरी कोि ा ा करते है कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान की जायें। (ाोर) कई साथी अखबार में नाम छपवाने की खातिर वाकआउट कर गए। (ाोर) इन को हाउस में बोलने का तरीका आना चाहिए। पता नहीं ये किस प्रकार परमात्मा की दया से चुनाव जीत कर आ गए। (ाोर)

Mr. Speaker: Sampat Singh Ji, I give you the last warning. आप बैठ जाएं नहीं तो मुझे आपको नेम करना पडेगा। आप जिस प्रकार इन्ट्रप्ट कर रहे हैं उस पर मुझे बहुत गुस्सा आ रहा है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मेरी सबमि ान है कि मुख्यमंत्री जी बार बार हाउस में कह रहे हैं कि हम अखबार में नाम छपवाना चाहते हैं। इसी बात पर हमारे मैम्बर नाराज हैं। (ाोर)

श्री अध्यक्षः हर मैम्बर चाहता है कि उसका नाम अखबार में आ जाये। इसमें गुस्से वाली या डैरोगेटरी क्या बात है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, कपास की फसल का आबयाना और मालिया माफ करने से स्टेट को चार करोड रूपये का घाटा हुआ है। कपास का जितना नुकसान पंजाब में हुआ है उतना नुकसान भाायद हरियाणा में नहीं हुआ। कभी ये भाई कहते हैं कि बीज ठीक नहीं था, कभी कहते है कि दवाई ठीक नहीं थी। आप जानते है कि कपास एक ऐसी फसल है जो ज्यादा नमी सहन नहीं करती। जहां पर ज्यादा नमी होती है वहां पर यह फसल अपने आप ही खराब हो जाती है। आप भी जानते होंगे कि यदि आका ा में बादल छाये रहेंगे तो कपास का फूल खराब हो जाता है। हम इस बारे में किसानों को जितनी मदद आबयाना और मालिया माफ करके कर सकते थे वह की है।

अध्यक्ष महोदय, अब मैं स्टेट के डिवैल्पमैंट की तरफ सदन का ध्यान आकर्शित करना चाहूंगा। किसी भी स्टेट की या दे ा की तरक्की के लिए पानी और बिजली ये दोनों चीजें बहुत जरूरी है। पानी अधिक होगा तो फसल भी अधिक होगी और बिजली अधिक होगी तो कारखाने भी अधिक चलेंगे और इनसे किसानों को भी ज्यादा फायदा होगा। हमारे किसानों को पूरी बिजली और पानी मिले, इसके लिए हम पूरी पूरी कोि ा ा करते हैं। यह अलग बात है कि पिछले दिनों बिजली की कुछ कमी अपने प्रदे ा में थी। यह कमी एक तो ठीक समय पर बारि ा न होने

की वजह से आयी और दूसरे एक प्लांट खराब हो गया था जिसकी वजह से भी यह दिक्कत आयी। यदि बारि ा ठीक समय पर आ जाती तो भाायद बिजली की कमी इतनी अधिक नहीं होती। बिजली बोर्ड के बारे में कुछ लोगों को एतराज था कि इस का चेयरमैन कोई टैक्नीकल आदमी लगाया जाये। सदस्यों की जो ठीक भावना थी उसको हमने ध्यान में रखते हुए अब बिजली बोर्ड का चेयरमैन टैक्नीकल ही लगा दिया है। हमने अब हिन्दुस्तान का सबसे बढिया टैक्नीकल आदमी छांट कर ही चेयरमैन लगाया है।

श्रीमति चन्द्रावतीः चौधरी साहब, इस बात की तो हमने भी आपकी सराहना की है कि आपने यह अच्छा काम किया है।

चौधरी भजन लालः आपने सराहना की है तो इसके लिए मैं आपका भाुक्रिया अदा करता हूं। हमने पूरी कोि ा ा की है कि किसानों के टयूबवैल को ज्यादा से ज्यादा बिजली मिले। यदि बिजली की किल्ल्त नहीं होगी तो गरीब लोगों को भी काम मिलेगा और हमारी स्टेट के उद्योग भी अधिक से अधिक चलेगें जिससे स्टेट की रैवेन्यू भी बढेगी और दूसरे डिवैल्पमैंट के काम भी होंगे। अध्यक्ष महोदय, जहां तक बिजली और पानी का सवाल है हमने पूरी कोि ा ा की है कि पंजाब में हमारी नहर बने। कुछ सदस्यों ने एतराज किया है कि पंजाब को 25 करोड रूपया दे दिया है यह ठीक नहीं किया है। स्पीकर साहब, यह ठीक बात है कि पंजाब सरकार ने हमारी तसल्ली के मुताबिक काम नहीं किया है हमने इस बात को छुपाया नहीं, सब के सामने रखा है। इस

सम्बन्ध में हमने भारत सरकार को लिखा और भारत सरकार ने कई बार पंजाब के अधिकारियों के साथ बैठके की है। हमारे इरीगे ान मिनिस्टर ने बातचीत की है मैंने बातचीत की है और भारत सरकार ने महसूस किया है कि पंजाब में जितनी रफतार से काम होना चाहिए था वह नहीं हुआ। इस बात को ध्यान में रख कर भारत सरकार ने कहा कि हम अपनी तरफ से 5 करोड रूपया पंजाब सरकार को देते है। जब वहां पर काम ठीक से भाुरू हो जायेगा, आपकी तसल्ली हो जायेगी तब आपके अकाउंट में से 5 करोड रूपया ले लेगें वरना नहीं लेंगे। हमने इस बात को स्वीकार किया कि भारत सरकार अपने पास से पैसा दे दे और जब हमारी तसल्ली हो जाएगी हम यह पैसा भारत सरकार को दे देंगे। इन्होंने 5 करोड रूपया ले लिया है अब देखते है कितना काम हो सकता है। एक बात मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि भारत सरकार इस बारे में चिन्तित है और प्राईम मिनिस्टर भी यह चाहती है कि जिस नहर की आधारि ाला उन्होंने स्वयं कस्सी मार कर रखी थी वह नहर जल्दी बने।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी इस को स्पश्ट करें कि पंजाब के गवर्नर ने एसवाईएल आर्गेनाईजे ान को डिस्बैंड करने का जो फैसला किया था वह क्या मामला था?

चौधरी भजन लालः उन्होंने इसको डिस्बैंड नहीं किया था अपितु स्टाफ रिडयूस किया था। उनसे हमने ही एतराज किया था कि इतना स्टाफ हमारे जिम्मे नहीं होना चाहिए। उन्होंने तीन

हजार से ज्यादा अधिकारी हमारे जिम्मे डाल दिये थे। हमने इस सम्बन्ध में भारत सरकार को लिखा कि यह गलत बात है इतने अधिकारियों की क्या आव यकता है।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, डिस्बैंड करने और रिडयूस करने में बडा फर्क है।

श्री अध्यक्षः उन्होंने टोटल डिस्बैंड नहीं किया था, स्टाफ कम किया था।

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैंने वह प्रस्ताव अपनी आंखों से पढा है। They have disbanded it. ये स्पश्ट करें कि डिस्बैंड और रिडयूस करने में क्या फर्क है।

श्री अध्यक्षः उन्होंने रिडयूस किया था। जिस दिन उनका ध्यान आया था उसके बाद पंजाब गवर्नमैंट के आफिसर्ज ने इस बात को बहुत कि टिसाईज किया था कि यह ब्यान कैसे आ गया। उन्होंने यह लफज खुद तबदील कर दिया था।

चौधरी भजन लालः जहां तक बिजली का सवाल है हमारी पूरी कोि ा ा है कि नाथपा झाकडी प्रोजैक्ट जिसके लिए हमने पैसा दे रखा है उसकी भारत सरकार मन्जूरी दे ताकि उस काम को तेजी के साथ किया जा सके और बिजली का प्रसार प्रदे ा में ज्यादा से ज्यादा हो सके तथा लोगों को उसका लाभ हो। अध्यक्ष महोदय, जहां तक किसानों को उनकी पैदावार का उचित भाव देने का सवाल है आप देखते है हमने कितना अच्छा

भाव किसानों को दिया है। चाहे गन्ने का भाव है चाहे गेंहू का भाव है, हमने भाव किसानों को दिया है। कुछ साथी कहते है कि गेहूं का भाव एक रूपया पर क्विटंल ही बढाया है लेकिन वे यह नहीं सोचते कि खाद के एक कटटे की कीमत कितनी कम हो गई है। एक कटटे की कीमत 15 रूपये से 25 रूपये तक कम हुई हैं। अगर आप इसका हिसाब लगाये तो आप खुद महसूस करेंगे कि किसान को कितनी बडी राहत सरकार ने दी है।

श्री किताब सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने गेहूं के भाव की बात की है और इसके साथ ही साथ खाद के रेटस घटने की बात की है। आप 10–15 साल पहले के रेटस ले लें। जो रेटस उस वक्त थे क्या उसी हिसाब से पैदावार के रेटस बढाए हैं?

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है आप बैठ जाइए।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ये बीच में टोक देते हैं इसका मेरे पास कोई इलाज नहीं है। मैं कह रहा था कि अगर ये हिसाब लगायें तो खुद महसूस करेंगें कि किसान को काफी राहत मिली है। कई सदस्यों ने कहा कि गेहूं का रेट एक रूपया पर क्विंटल बढाया है जहां तक रेट बढाने का ताल्लुक है गरीब आदमी जिसने मोल लेकर खाना है सरकार को उसका भी ध्यान रखना पडता है। सरकार ने किसान को राहत देने के लिए

खाद का भाव कम कर दिया ताकि उसका खर्चा कम हो जाए और जो खरीद कर खाने वाले व्यक्ति है। उनको भी ठीक भाव पर अनाज मिले।

बैठक का समय बढाना

श्री अध्यक्षः अगर हाउस सहमत हो तो हाउस का टाईम 10 मिनट के लिए और बढा दिया जाए।

आवाजें: ठीक है जी, 10 मिनट और बढा दिया जाए।

श्री अध्यक्षः हाउस का टाईम 10 मिनट और बढाया जाता है।

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनराम्भ)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जहां तक नाथपा झाकडी प्रोजैक्ट का सवाल है टैक्नीकली भारत सरकार ने मजूंरी दे दी है लेकिन वह पूरी तरह नहीं मिली है। भारत सरकार ने हिमाचल गवर्नमैंट को और हमें कह दिया है कि आप अपने रिसोर्सिज बताये हैं हिमाचल गवर्नमैंट ने भी बताये है। मैं सदन को इतना ही बताना चाहता हूं कि बहुत जल्दी इस प्रोजैक्ट को मजूंरी मिलने वाली है लेकिन अभी तक मिली नहीं। हमने

रिसोर्सिज बताये है। और केन्द्रीय अधिकारियों की तसल्ली इस बात से हो गई है। कि हम इस प्रोजैक्ट को बना सकते है। मंजूरी आने के बाद ही हम इस पर काम भुरू करेंगे। अध्यक्ष महोदय, अब 20 सूत्रीय कार्यक्रम की बात लीजिए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हमने सारी नहरें, सारे माईनर्ज, सारे खाल पक्के किये है ताकि किसान के लिए पानी बचाया जा सके। इस प्रकार 60 हजार हैक्टेयर जमीन का पानी बचाकर हमने किसानों को दिया है। इसके साथ ही साथ बहन चन्द्रावती जी ने ड्रैनज की चर्चा की है। हमने अपने आधिकारियों को आदे ा दिये है कि अगली बरसात आने से पहले पहले जो भी नई ड्रैन बननी है वह बननी चाहिए जिस ड्रैन का चौडा करना है वह चौडी होनी चाहिए और जिसकी खुदाई होनी है उसकी खुदाई हो ताकि आने वाली बरसात से पहले यह सारा काम कम्पलीट हो जाए और फलड का पानी नुकसान न कर सकें। इसके लिए हमने पूरी कोि ा ा की है और भारत सरकार ने भी कह दिया है कि हमें पैसे की कमी नहीं रहेगी।

श्री मंगल सैनः क्या रोहतक जिला भी इस स्कीम में भाामिल है?

चौधरी भजन लालः सारे हरियाणा प्रान्त में काम चल रहा है इस में रोहतक जिला भी भाामिल है। अध्यक्ष महोदय, कुछ सदस्यों ने सडकों का जिक्र किया। इस मामले में किसी इलाके के साथ कोई भेदभाव नहीं है। आज हरियाणा का एक एक गांव

सडकों से मिला हुआ है चाहे अपोजि ान के सदस्य के हलके का गांव हो, चाहे रूलिंग पार्टी के किसी एमएलए साहिबान के हल्के का गांव हो किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। अध्यक्ष महोदय, बहन जी कुरप ान की बात कहती है यह खा गया वह खा गया। कुरप ान को पूरी तरह से कोई भी राज बन्द नहीं कर पाया है। जब रामराज था उस वक्त भी राक्षस होते थे। किसी का भी राज आ जाये पूरी तरक से कुरप ान कभी बन्द नहीं हो सकती। जब जनता इस बात को समझेगी कि पैसा देना गुनाह है तब तक काम नही चलेगा। लेकिन अध्यक्ष महोदय, हमने भरसक कोि ा ा की है बहुत से लोग कुरप ान करते हुए पकडे गये, हमने उनके अगेन्सट एक ान लिया है लेकिन आज तक अपोजि ान के किसी भाई ने एक बार भी लिख कर नहीं भेजा कि फलां मामले में फलां आदमी ने पैसा लिया है। अध्यक्ष महोदय, कोई व्यक्ति बेग एप्लीगे ान बिना किसी आधार पर एलीगे ान लिखकर भेज दे तो उसका कोई इलाज नहीं है।

श्रीमति चन्द्रावतीः मैं मुख्यमंत्री जी से जानना चाहती हूं कि क्या वह कुरप ान का ही रूप नहीं है कि आज सडक बनी और एक हफते के बाद टूट गई।

13.00 बजे

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जहां तक सडक के टूटने का सवाल है बहन जी, काबिल मैम्बर है सुझाव भी ठीक

देती हैं लेकिन आप जानते है कि सडक के बनने के एकदम बाद यदि बरसात आ जाए तो वह टूट जाएगी परन्तु बरसात आने से पहले अगर कहीं कोई सडक टूटी हो तो उसकी कोई मिसाल हमें बताएं। ऐसी मिसाल आपकी कहीं नहीं मिलेगी।

श्रीमति चन्द्रावतीः मैं ऐसी कई मिसालें बता सकती हूं।

चौधरी भजन लालः आप लिख कर भेज देना, हम उसे देख लेंगे। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, जितनी अच्छी सडके हमारी है जितने काबिल इंजीनियर्ज हमारे हैं और जितने काबिल अधिकारी हरियाणा के है उतने काबिल अधिकारी आपको और प्रान्तों में नहीं मिलेंगे। किसी एक प्रान्त का मुकाबला जब दूसरे प्रान्तों से किया जाए तो उन बातों का पता लगता है। (विघ्न)

अध्यक्ष महोदय, श्रीमति चन्द्रावती जी ने बोलते हुए एक महेन्द्र सिंह सरपंच का जिकर किया। इन्होंने यहां तक कह दिया कि सरकार ने उसे दुखी किया तथा फतेहबाद के इलैक ान में उसे मरवा दिया। अध्यक्ष महोदय, वास्तविकता यह है कि महेन्द्र सिंह सरपंच का गांव उस हल्के में ही नहीं है और हमें इस बात का पता भी नहीं था। ज्योंहि हमारे नोटिस में यह बात आई, मैंने एसपी को टेलिफोन किया कि मुलजिम भााम तक गिरफतार होने चाहिएं। तीन मुलजिम थे और एक दिन में उन्हें पकडा है। (विघ्न)

प्रो0 सम्पत सिंहः उनके नाम भी बता दो। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः मुझे उनके नाम का पता नहीं। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी, बात करने का यह कोई ढंग नहीं है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, नाम तो पूछे जा सकते है।

श्री अध्यक्षः जो गिरफतार हो गए है उनका आपको पता है। (विघ्न) यह कोई बात नहीं है। आप बैठिए।

प्रो0 सम्पत सिंहः क्या मर्डरर्ज किसी मिनिस्टर से लिंकड है? (विघ्न)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह तो मुझे पता नहीं कि मर्डरर्ज किसी मिनिस्टर के रि तेदार है या नहीं लेकिन अगर किसी मिनिस्टर के रि तेदार हो भी तो उसमें मिनिस्टर क्या करेगा? (विघ्न) अगर कोई झगडा हो जाए और कोई आदमी कत्ल कर दे तो उसमें मिनिस्टर क्या करेगा? आपका रि तेदार भी तो कोई गलत काम कर सकता है। उसमें आप क्या करेंगे? (विघ्न) मैं कहता हूं कि फर्ज किया रिले ान हो भी तो इसमें मंत्री का क्या गुनाह है और आपका क्या गुनाह है? (विघ्न)

प्रो0 सम्पत सिंहः उस रि तेदार का नाम एफआईआर से क्यों निकलवा दिया गया? (विघ्न)

चौधरी भजन लालः किसी आदमी का यदि झूठा नाम लेंगे तो उसे निकलवायेंगे नहीं तो क्या करेंगे? मिसाल के तौर पर आप यहां बैठे है। आपके बारे में ही यदि कोई कह दे कि सम्पत सिंह जी भी उन मर्डरर्ज में भाामिल थे तो क्या हम आपका चालान कर देंगे? (विघ्न एवं भाोर)

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी, आपकी काबलियत पर मुझे अफसोस है। आप बार बार इस तरह से इंट्रप्ट कर रहे है। अगर आपको कोई यह कहे कि आप पहली बार मैम्बर बन कर आए है तो उसका भी गुस्सा आपको लगता है लेकिन मैं कहता हूं कि किसी प्रोसीजर या किसी रूल को आप अडौप्ट करने के लिए तैयार नहीं है। मैं आप को बार बार कह चुका हूं कि मैं आपका लिहाज कर रहा हूं लेकिन अब मैं आपका लिहाज नहीं करूंगा। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, डा0 मंगल सैन जी ने कहा कि फरीदाबाद में किसी हरिजन का कत्ल करा दिया गया लेकिन फैक्ट यह है कि उसने खुदक ाी की। इसकी हमारे पास बाकायदा रिपोर्ट है। एक फैक्टरी का जिकर भी इन्होंने किया और कहा कि धक्के से इंटक झंडा वहां लगाया गया। स्पीकर साहब, आप जानते है कि लेबर की ऐसोसिए ान्ज बनी होती है और एक एक फैक्टरी के सामने तीन तीन झंडे लगे होते है। हमने अगर कहीं ज्यादती की हो तो ये बताएं।

श्री मंगल सैनः आपने वहां पुलिस क्यों भेजी?

चौधरी भजन लालः पुलिस भी जाएगी अगर झगडे का अन्दे ाा हो। इसके अलावा इन्होंने फरीदाबाद में खानों के बारे में एक बात कही। जहां तक खानों का सम्बन्ध है इसके लिए भारत सरकार का एक एक्ट बना हुआ है। उस एक्ट के अनुसार जो कुछ हम करते हैं। उसके बारे में भारत सरकार को लिखते है। भारत सरकार जैसे इजाजत देती है उसके मुताबिक हम कार्यवाही करते हैं डा0 साहब के नोटिस में अगर कोई बात आई है तो ये हमारे नोटिस में लाएं। किसी को माफ करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। (विघ्न)

श्री मंगल सैनः कल अखबार में यह बात आई थी।

चौधरी भजन लालः डा0 साहब अखबार की बात तो ठीक है लेकिन आप भी अगर एक पैसे के कागज पर हमें लिख कर भेज दें तो उस पर भी हम फौरन कार्यवाही करेंगे। लेकिन इसमें मेनली भारत सरकार आती है। भारत सरकार की आदे ा दे सकती है और भारत सरकार ही उन्हें बन्द कर सकती है क्योंकि एक्ट भारत सरकार का है।

श्री मंगल सैनः हरियाणा की पुलिस दिल्ली वालों को पकड रही है और दिल्ली की पुलिस हरियाणा वालों को पकड रही है।

चौधरी भजन लालः कोई आदमी अगर गुनाह करके दिल्ली से हरियाणा में आ जाएगा तो हरियाणा की पुलिस को उसमें दिल्ली की पुलिस की मदद करनी पडेगी। इसी तरह से अगर हरियाणा का कोई आदमी गुनाह करके दिल्ली में चला जाएगा तो दिल्ली की पुलिस को हरियाणा पुलिस की मदद करनी पडेगी। यह एक कायदा है जिसे आप जानते है।

श्री मंगल सैनः यह तो मैं जानता हूं लेकिन जो दिल्ली के ठेकेदार हरियाणा एरिया में काम करते हैं उनको दिल्ली की पुलिस पकडती है। वहां तो जमीन का डिसप्यूट है।

चौधरी भजन लालः अगर जमीन का झगडा है तो उसको हम दूर करने की कोि ा ा करेंगे।

अध्यक्ष महोदय, जहां तक ने ानल कैपिटल रीजन का ताल्लुक है उनके बारे में भारत सरकार के साथ कई बार मीटिंग्ज हुई है। जहां तक हरियाणा के हितों का सवाल है उनकी रक्षा की जाएगी। किसी प्रकार की ज्यादती हरियाणा के लोगों के साथ नहीं होने दी जाएगी।

अध्यक्ष महोदय, एक बात इन्होंने हुडडा द्वारा पैसे देने के बारे में कही। इसके बारे में अर्ज यह है कि जो रा ि ा हुडडा के पास जमा है वह उसी ने देनी है। आप जानते है कि हुडडा जब भी कोई ऐडवरटाईमैंट करता है तो ऐडवास मनी भी वहीं लेता है। बाद में वह पैसा चाहे बिजली बोर्ड को दिया जाए या

किसी और को दिया जाए लेकिन उस राि ा को वापस हुडडा ही करता है। उसके पास जब राि ा आ गई तो उसे तेजी के साथ लोगों को वापस करना भाुरू कर दिया गया। मैं सदन को आ वासन देना चाहता हूं कि मई महीने से पहले पहले लोगों की सारी राि ा वापस कर दी जाएगी। (विघ्न) डेली दो सौ आदमियों को पेमैंट हो रही है। (विघ्न)

श्रीमति चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मेजर जनरल रिसाल सिह जो कि भिवानी जिले के हैं। उनकी डिवैल्प की हुई एक एकड जमीन मारूति प्रोजैक्ट में आ गई थी लेकिन उनको अभी तक कोई प्लाट नहीं दिया गया। इसी सरकार द्वारा एक परिवार को चार चार प्लाटस दिए गए है लेकिन एक ऐक्स सर्विसमैंन को एक प्लाट भी नहीं दिया गया।

चौधरी भजन लालः बहन जी, आप लिख कर भेजें।

श्रीमति चन्द्रावतीः मैंने लिखकर भेजा है।

चौधरी भजन लालः अगर लिखकर भेजा है तो उस पर जरूर ऐक ान होगा। स्पीकर साहब, पब्लिक सर्विस कमी ान और सुबार्डिनेट सर्विसिज सिलैक ान बोर्ड के बारे में इन्होंने यह आपति की कि बहुत सी असामियां को उनके परव्यू से निकाल कर उनकी भर्ती कर ली गई। स्पीकर साहब, अगर बहुत अरजैंसी हो जाए या एमरजैंसी हो जाए तो ही जरूरी पोस्टल को उनके परव्यू से निकालते है। कई टैक्नीकल पोस्टस होती है जिन पर टैक्नीकल

आदमी भर्ती किए जाते है। इसलिए जो भी पोस्टस उनके परव्यू से निकाली गई होंगी वे जन हित में निकाली गई होंगी। किसी वि ोश को फायदा देने के लिए ऐसा नहीं किया गया है।

श्री अध्यक्षः चौधरी साहब, अब आप वाइन्ड अप कीजिए क्योंकि टाईम होने वाला है।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, कुछ साथियों ने बोलते हुए जिक्र किया कि कुछ हलकों के साथ भेदभाव हो रहा है तथा काम ठीक नहीं हो रहा है। माननीय सदस्यों ने जो सुझाव दिए है वे मैंने नोट किए है। उनकी जो जायज ि ाकायत होगी उसे दूर करने की कोि ा ा करेंगे। एक बात मास्टर ि ाव प्रसाद जी ने प्राइवेट स्कूलों के बारे में कही। आप जानते है कि खजाने से पैसा देने में बडी दिककत आती है लेकिन फिर भी हम विचार कर रहे हैं। कि किस तरह से इस समस्या का समाधान हो सकता है। जो कुछ भी हो सकेगा वह हम करने की कोि ा ा करेंगे। इसके साथ साथ उन्होंने अम्बाला में हास्पिटल बनाने की भी बात की। अम्बाला में हास्पिटल बनाने के लिए पैसा दे दिया है। वहां पर काम जल्दी ही भ्ारू हो जायेगा। राव निहाल सिंह जी ने भी कहा कि ज्योलोजी की क्लासिज नारनौल गवर्नमैंट कालेज से उठा कर रोहतक ले जायी रही है। मेरे नोटिस में ऐसी कोई बात नहीं है और न ही ऐसा होने दिया जायेगा जिस कारण उस इलाके का नुकसान हो। बिजली के कुनैक ान देने के बारे में भी कहा गया है कि डिले हो रहे है। उस बारे में भी हम कोि ा ा करेंगे कि

जल्द से जल्द कुनैक ान दिये जायें। जहां तक सैनिक स्कूल का सम्बन्ध है उस बारे में भी अर्ज कर दूं। भारत सरकार के अधिकारियों की एक कमेटी आयी थी जिसमें हमारे प्रान्त के अधिकारी भी भाामिल थे। उस कमेटी की राय थी कि महेंन्द्रगढ जिलें में एक सैनिक स्कूल होना चाहिए लेकिन रोहतक जिल के कुछ नुमाइन्दे मुझ से मिले तो वे कहने लगे कि यह स्कूल रोहतक में बनना चाहिए।

बैठक का समय बढाना

श्री अध्यक्षः अगर हाउस की सैंस हो तो बैठक का समय पांच मिनट के लिए और बढा दिया जाए?

आवाजें: बढा दिया जाये

श्री अध्यक्षः बैठक का समय पांच मिनट और बढाया जाता है।

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनराम्भ)

चौधरी भजन लालः मैंने फिर चीफ सैक्रेटरी साहब से कहा है कि इस बारे में वे दुबारा से गौर करें क्योंकि चौधरी हुकम सिंह, बनारसी दास और मांगे राम जी ने कहा था कि इस

पर गौर जरूर करें। चीफ सैक्रेटरी साहब मातनहेल गांव में मौका देख कर आये हैं। (विघ्न)

श्री निहाल सिंहः स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी और डिफेन्स मिनिस्टर साहब महेन्द्रगढ गये थे। उन्होंने वहां पर कहा था कि महेन्द्रगढ में सैनिक स्कूल बनना चाहिए। डिफेन्स मिनिस्टर साहब ने कुमिट किया था तो अब ये कैसे कहते है कि इस बारे में दुबारा से विचार करेंगें। (ाोर)

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, हम पूरी कोि ा ा करेंगे कि ठीक बात हो, इन्साफ लोगों को मिले और जो भी मुनासिब बात होगी वह करेंगे। स्पीकर साहब, श्री हीरा नन्द आर्य ने प्रताप सिंह के बारे में जिकर किया। वह आदमी चोरी के केस में मतलूम था। उसने रेल के नीचे आकर जींद में खुदक ाी कर ली। अब उस बारे में हम क्या कर सकते है। इन भाब्दों के साथ मैं सारे हाउस से प्रार्थना करूंगा कि राज्यपाल का अभिभाशण बहुत भाानदार है और इस प्रस्ताव को भाानदार ढंग से पास किया जाये।

राज्यपाल के अभिभाशण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मतदान

Mr. Speaker: Now I will put the motion to the vote of the House.

Question is-

"That an Address be presented to the Governor in the following terms:-

"That the Members of the Haryana Vidhan Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the Address which has been pleased to deliver to the House on the 12th March, 1984."

The motion was carried.

श्री अध्यक्षः अब हाउस आज 2.00 बजे तक के लिए एडर्जन किया जाता है।

13.13 बजे

(तत्प चात सदन मंगलवार, 20 मार्च, 1984 के बाद दोपहर 2.00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)